संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -318 गुरूवार ,19 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पहले चरण की 24 सीटों पर 58.85 प्रतिशत वोटिंग




## » किश्तवाड़ रहा अव्वल

**जम्मू-कश्मीर,18 सितम्बर 2024(ए)।** 90 विधानसभा सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए आज यानी 18 सितंबर को 24 सीटों के लिए वोट डाले गए। सोमवार को पहले फेज के लिए चुनाव प्रचार खत्म हो गया था। 24 सीटों पर 219 उम्मीदवार मैदान में हैं। आतंकी हमले को देखते हुए सुरक्षा तैयारियां बेहद पुख्ता की गई थीं। राज्य में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होना है। जम्मू-कश्मीर चुनाव के नतीजों की घोषणा 8 अक्टूबर को की जाएगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर चुनाव हैं। इनमें 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। इनमें से नौ सीटें एसटी के लिए और सात एससी के लिए आरक्षित हैं। मतदान तीन चरणों में हो रहे हैं। दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर और तीसरे तथा अंतिम चरण के लिए 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में कुल 58.85 प्रतिशत वोटिंग हुई।

### डी राजा बोले, जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी के खिलाफ गुस्से का माहौल

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों पर सीपीआई नेता डी राजा ने कहा, जम्मू-कश्मीर में एक दशक के बाद चुनाव हुए हैं और पहले चरण का मतदान चल रहा है... केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश है। पीएम मोदी और उनकी सरकार की नीतियां जम्मू-कश्मीर के लिए विनाशकारी साबित हुई हैं और लोग इस बात से नाराज हैं कि कैसे राज्य का दर्जा छीन लिया गया और इसे केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया।

### हंजीपोरा में नेशनल कॉन्फ्रेंस को जीत की उम्मीद

**कुलगामः** दमहाल हंजीपोरा विधानसभा क्षेत्र से जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की उम्मीदवार सकीना मसूद का कहना है, ...हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और जनता बड़ी संख्या में वोट डालने आ रही है...मुझे उम्मीद है कि मतदाता मुझे चुनेंगे...

### जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनेगीः राकेश ठाकुर

**रामबन, जम्मू-कश्मीरः** रामबन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राकेश ठाकुर ने वोट डालने के बाद कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी विकास हुआ है और हम चुनाव में उन्हीं विकास कार्यों को लेकर लोगों के बीच गए हैं।जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनेगी

### मतदान केंद्र पर भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार के साथ धक्का-मुक्की

पहले चरण के मतदान के दौरान जम्मू-कश्मीर मतदान केंद्र पर भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार के साथ धक्का-मुक्की। शगुन किश्तवाड़ से चुनाव लड़ रही हैं, जहां सबसे अधिक वोटिंग हो रही है। एक बजे तक किश्तवाड़ में 56 फीसदी वोटिंग हुई है

### किश्तवाड़ में सबसे अधिक और त्राल में सबसे कम मतदान



किश्तवाड़-56.8 प्रतिशत
रामबन-49.68 प्रतिशत
त्राल -17 प्रतिशत
अनंतनाग-37.90 प्रतिशत
कुलगाम -39.91 प्रतिशत
शोपियां-38.72 प्रतिशत
पुलवामा-29.84 प्रतिशत
बनिहाल- 30.0 प्रतिशत

## देश की संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी की जीभ जला देनी चाहिए,बीजेपी सांसद बोले

**नई दिल्ली,18 सितम्बर 2024(ए)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे ने भी कांग्रेस नेता को घेरा।



उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर राहुल गांधी ने जो भी कुछ कहा इसके बाद उनकी जुबान को काटने से कुछ नहीं होगा, उनकी जुबान जला देना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी शिव सेना के बुलढाणा विधायक संजय गायकवाड के बयान के बाद आया। दरअसल, संजय गायकवाड ने कहा था कि आरक्षण खत्म करने को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए उनकी जीभ काटने वाले को वह (संजय गायकवाड) 11 लाख रुपये का इनाम देंगे।

### रेलवे पटरी पर बड़ी चट्टान



#### रेस्क्यू टीम मौके पर

**रांची,18 सितम्बर 2024(ए)।** झारखंड के रामगढ़ जिले के मंगलवार देर रात बरकाकाना सिंधवार सांकी रेलखंड पर एक बड़ी चट्टान गिर गई, जिसके कारण वंदे भारत सहित एक अन्य ट्रेन का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। बता दें कि झारखंड में लगातार बारिश होने के कारण सिंधवार सांकी रेल खंड के बीच टनल नंबर दो के पास ऊपर से एक बड़ी चट्टान रेलवे ट्रैक पर गिर गई, इसी दौरान एक रेलवे इंजन सांकी से बरकाकाना रेलवे स्टेशन आ रहा था, जो चट्टान की चपेट में आ गया और चट्टान इंजन के आगे वाले हिस्से के नीचे फंसकर काफी दूर घसीटता हुआ टनल के अंदर चला गया। इससे ट्रैक के करीब 100 स्लीपर क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ जगह-जगह से ट्रैक भी टेढ़ा हो गया है।

## चंद्रयान-4 को मिली मोदी कैबिनेट की मंजूरी

### »ये मिशन बहुत अहम और बड़े हैं...

**नई दिल्ली,18 सितम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-4 मिशन को भी मंजूरी दी गई है। इस मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की योजना है। चंद्रयान-4 अभियान के तहत चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को भी पृथ्वी पर लाया जाएगा, ताकि उसका अध्ययन किया जा सके।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने शुक्र ग्रह की कक्षा संबंधी अभियान, गगनयान और चंद्रयान-4 अभियान के विस्तार को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने भारी वजन ले जाने में सक्षम अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को भी मंजूरी दी है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30 टन का पेलोड स्थापित करेगा।



एक बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन प्रस्तावित वर्ष 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और उन्हें सुरक्षित धरती पर वापस लाने के लिए मूलभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा। इसमें कहा गया है कि इस मिशन के तहत डॉकिंग/अनडॉकिंग, लैंडिंग, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी और चंद्रमा पर से नमूना संग्रह और उसके विश्लेषण को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रमुख प्रौद्योगिकियों का विकास किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन पर कुल 2,104.06 करोड़ रुपये फंड की जरूरत होगी। बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन में इसरो अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार होगा। उम्मीद जताई गई है कि उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी से यह मिशन 36 महीने के भीतर पूरा होगा। इस मिशन के तहत सभी अहम तकनीकों और प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित किए जाने की बात कही गई है।

## एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट की मंजूरी



### शीतकालीन सत्र में होगा बिल पेश

एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को आज मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी की रिपोर्ट के बाद इस प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूरी मिल गई है। जो भारत में विधानसभा और लोकसभा चुनावों को एक साथ कराने का रास्ता साफ करेगा। माना जा रहा है कि अब शीतकालीन सत्र में बिल पेश किया जाएगा।

मोदी सरकार पिछले कार्यकाल से ही एक देश एक चुनाव को लेकर गंभीर थी। इस प्रस्ताव के पीछे सरकार का मुख्य तर्क है कि बार-बार होने वाले चुनाव विकास कार्यों में बाधा डालते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने भाषण में इसका उल्लेख किया था।अमित शाह ने भी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर इस मुद्दे पर बात की थी और कहा था कि एनडीए सरकार इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोविंद कमेटी की रिपोर्ट 18,626 पन्नों की है, जिसे मार्च 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपा गया था।

## नितिन गडकरी ने अधिकारियों को लगाई फटकार

### » बोले- सड़के बहुत बना ली...

### » अब खराब काम करने वालों को हटाना है...

**नई दिल्ली,18 सितम्बर 2024(ए)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के रखरखाव को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। दुहाई इंटरचेंज पर आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि उन्होंने बहुत सी सड़कें बना दी हैं, लेकिन अब खराब काम करने वालों को सिस्टम से बाहर करना जरूरी है।



गडकरी ने कहा, हमारे सड़क के काम में बहुत प्रगति हुई है, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि अब कुछ लोगों को मेरे हाथों से रिटायर होना चाहिए। कुछ ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और कुछ की बैंक गारंटी जब्त की जाएगी। मैंने आज देखा कि सड़क का रखरखाव बहुत गंदा था।

उन्होंने आगे कहा कि जो एजेंसियां अच्छे कार्य करेंगी, उन्हें हर साल पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि गंदा काम करने वालों को सिस्टम से बाहर किया जाएगा। गडकरी ने कहा, हम टॉयलेट्स की भी जांच करेंगे। जो अच्छा काम नहीं करेगा, चाहे वह विदेशी कंपनी हो, उसे भी ब्लैकलिस्ट करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वह और उनके राज्यमंत्री अब सड़कों की जांच करेंगे और खराब काम करने वालों को बाहर करेंगे। उन्होंने कहा, अब हमें लोगों को रिटायर करना, सस्पेंड करना और ब्लैकलिस्ट करने का काम करना है। मेरी बात को गंभीरता से लें। मैंने अपने राजमंत्रियों से कहा है कि वे हर सड़क पर जाएं, और मैं भी उनका साथ दूंगा। जो अच्छा काम करेगा, उसे सम्मान मिलेगा और जो बुरा करेगा, उसे सिस्टम से बाहर किया जाएगा।

## भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ बलात्कार और पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा

**लखनऊ,18 सितम्बर 2024 (ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ बलात्कार और पीड़ित परिवारों के साथ



अन्याय हो रहा हैं। उत्तर प्रदेश में लगातार बलात्कार जैसी शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं। पूरे देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हो रही है। हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। पीडीए को भाजपा सरकार उत्पीड़न का शिकार बना रही है। कानून व्यवस्था उसके राज में पूरी तरह चैपट है।

## तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना हानिकारक है तो फिर ईद में भी...उच्च न्यायालय ने कही ये बात



**मुंबई,18 सितम्बर 2024 (ए)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि यदि गणेश उत्सव के दौरान एक लेवल से ज्यादा तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना हानिकारक है तो फिर ईद में भी उसका वही असर होता है। अदालत ने कहा कि गणेश उत्सव की तरह ही लाउडस्पीकर का तेज बजना ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों में भी गलत है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों के दौरान 'डीजे', 'लेजर लाइट' आदि के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली कई जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

जनहित याचिकाओं में दावा किया गया है कि न तो कुरान और न ही हदीस (धार्मिक पुस्तकों) में डीजे सिस्टम और लेजर लाइट के उपयोग का जिक्र है। पीठ ने गणेश उत्सव से ठीक पहले, पिछले महीने पारित आदेश का हवाला दिया, जिसमें त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत उल्लेखित सीमा से अधिक शोर करने वाली ध्वनि प्रणालियों और लाउडस्पीकरों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ओवैस पेचकर ने अदालत से अपने पहले के आदेश में ईद को भी जोड़ने की अपील की, जिस पर पीठ ने कहा कि इसकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि आदेश में सार्वजनिक त्योहार का उल्लेख किया गया है। अदालत ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा, 'यदि यह गणेश चतुर्थी के मौके पर हानिकारक है तो ईद पर भी हानिकारक है।' लेजर लाइट के इस्तेमाल पर पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे मनुष्यों पर ऐसी लाइटों के हानिकारक प्रभावों के बारे में वैज्ञानिक सबूत दिखाएं।

पीठ ने कहा कि ऐसी याचिकाएं दायर करने से पहले उचित शोध किया जाना चाहिए। जजों ने कहा, 'आपने शोध क्यों नहीं किया? जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित नहीं हो जाता कि इससे मनुष्यों को नुकसान होता है, हम ऐसे मुद्दे पर कैसे निर्णय ले सकते हैं?' बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को प्रभावी निर्देश देने के सिलसिले में अदालतों की मदद करनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा, यही समस्या है। जनहित याचिका दायर करने से पहले आपको बुनियादी शोध करना चाहिए। आपको प्रभावी निर्देश देने के सिलसिले में अदालत की सहायता करनी चाहिए। हम विशेषज्ञ नहीं हैं। हमें लेजर का एल भी नहीं पता है।


## पहले मेरी बात सुनिए,नहीं तो कोर्ट से बाहर कर दूंगा



### » ममता के इस्तीफे पर अड़े वकील पर भड़के सीजेआई

**नई दिल्ली,18 सितम्बर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में सख्त रुख अपनाया। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया, जिसे एक वरिष्ठ वकील ने कोर्ट में उठाया था। सुनवाई के दौरान, जब अदालत दिन की सुनवाई समाप्त करने वाली थी, एक वरिष्ठ वकील ने ममता बनर्जी के इस्तीफे के लिए अंतरिम आवेदन दाखिल करने की कोशिश की। इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा, ÷आप किसके लिए पेश हो रहे हैं? यह राजनीतिक मंच नहीं है। आप बार के सदस्य हैं और कानूनी अनुशासन के नियमों के अनुसार बात करनी चाहिए। हम यहां राजनीतिक नेताओं के बारे में सुनने के लिए नहीं हैं। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि अदालत का ध्यान कोलकाता में प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों की समस्याओं पर है। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे मुख्यमंत्री के इस्तीफे का निर्देश देने के लिए कह रहे हैं, तो यह हमारे अधिकार क्षेत्र का हिस्सा नहीं है। वकील द्वारा दलील जारी रखने पर सीजेआई ने चेतावनी दी, एक सेकंड, पहले मेरी बात सुनिए, अन्यथा मैं आपको कोर्ट से बाहर कर दूंगा।

## भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान मूर्ति पर पथराव



### आरोपियों की गिरफ्तारी तक मूर्ति विसर्जन नहीं करने पर अड़े प्रदर्शनकारी

**भिवंडी,18 सितम्बर 2024 (ए)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में गणपति विसर्जन चल समारोह में देर रात हंगामा हो गया। हिन्दुस्तानी मस्जिद के पास भगवान गणेश की प्रतिमा पर पथराव की अफवाह से लोग भड़क गए और 2 गुटों में जमकर झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। फिलहाल, कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रदर्शनकारी का कहना है कि जब तक सभी आरोपियों को पुलिस नहीं पकड़ लेती, मूर्ति विसर्जन नहीं किया जाएगा।


जानकारी के अनुसार, अनंत चतुर्दशी के मौके मंगलवार को देर रात महाराष्ट्र समेत पूरे देश में धूमधाम से गणपति विसर्जन का कार्यक्रम हुआ, लेकिन ठाणे के भिवंडी में गणपति विसर्जन के दौरान हंगामा हो गया। यहां वंजारपट्टी नाका स्थित हिंदुस्तानी मस्जिद के बाहर चल समारोह के स्वागत के लिए मंडप बनाया गया था। मोहल्ला कमेटी और स्थानीय लोग गणेश मंडल के स्वागत को जुटे थे, तभी किसी ने पत्थर फेंका जिसके बाद लोगों में आक्रोश भड़क गया।

## संपादकीय

# घाटे का सौदा

गठबंधन के मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवतः इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को एकता का संदेश देना चाहते थे, लेकिन (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा। अब जाहिर है कि कांग्रेस नेतृत्व ने बिना होम वर्क किए आम आदमी पार्टी के सामने हरियाणा में गठबंधन करने का प्रस्ताव रखा। इस मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के प्रमुख पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवत- इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को संदेश देने के लिए हरियाणा के चुनाव का इस्तेमाल करना चाहते थे, लेकिन अपनी जीत के (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा। आखिरकार बात आगे नहीं बढ़ी।इससे इंडिया गठबंधन में कुल मिलाकर नकारात्मक माहौल बना है। आ.आ.पा. नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी को सम्मानजनक सीटें ना देने की जिद' किए कांग्रेस नेताओं को चुनाव नतीजा आने पर पछताना होगा। उधर अखिलेश यादव की टिप्पणी भी गौरतलब है। समाजवादी पार्टी के हरियाणा में चुनाव ना लडने का एलान करते हुए उन्होंने यह रेखांकित कर दिया कि प्रदेश विशेष में सबसे मजबूत पार्टी गठबंधन के स्वरूप के बारे में तय करे, वे इस सिद्धांत के अनुरूप यह निर्णय ले रहे हैं।परोक्ष रूप से उन्होंने कहा है कि जब बात उत्तर प्रदेश की आएगी, तो वहां कांग्रेस नेताओं को भी इसी सिद्धांत के तहत सपा जो फैसला करे, उसे स्वीकार करना चाहिए। वहां कांग्रेस के उतने दावे को ही सपा स्वीकार करेगी, जो उसके मुताबिक भाजपा को हराने के मकसद से उचित होगा।कुल सूरत यह उभरी है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां भाजपा को हराने के मकसद पर तो एकमत हैं, मगर इसके लिए वे अपने सियासी हितों से समझौता करने को राजी नहीं हैं। इस कारण इस गठबंधन की एकता सीट बंटवारे जैसे मुद्दे को लेकर अनेकता में बदल जाती है।उधर कांग्रेस के बारे में सवाल उठा है कि क्या पार्टी की राज्य इकाइयां केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकताओं से संचालित नहीं होतीं और क्या पार्टी में अंदरूनी संवादहीनता की स्थिति है? कांग्रेस नेतृत्व अगर आखिरी दौर में जाकर गठबंधन की पेशकश नहीं करता, तो ऐसे सवालों से बचा जा सकता था। आखिर आ.आ.पा. ने तो लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद कांग्रेस से गठबंधन खत्म करने का एलान कर दिया था। कांग्रेस ने ही ये मुद्दा फिर जिंदा किया।

# नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी




अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए बढ़ेंगे अवसरभारत में वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का होगा उत्पादनविकास शर्माप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र में उनकी दूरगामी योजना को एक फिर दोहराया है। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में सोमवार को उद्घाटन अवसर पर निवेशकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत से 500 गीगावॉट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। यह पहला मौका नहीं है कि प्रधानमंत्री ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अधिक केंद्रित प्रयास पर बल दिया हो। उनकी यह तैयारी प्रधानमंत्री बनने के साथ ही शुरू हो चुकी थी और अब वह मिशन मोड पर काम करना चाहते हैं। उनकी इस दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी योजना को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ भी पीछे नहीं रहना चाहता है । वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हिस्सा ले रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री के नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका तय कर दी है। जीवाश्म ऊर्जा से पॉवर हब बने प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी अगले कुछ वर्षों में 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। उन्होंने सम्मेलन में निवेशकों को भी खुले दिल से छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कर अपनी नियत साफ कर दी है।पर्यावरण संतुलन तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार ने परिणाम केंद्रित प्रयासों को बढ़ावा दिया है। नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में छत्तीसगढ़ ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में कुल 20 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता है जिसमें सिर्फ 15 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह विश्वास पुख्ता योजना पर आधारित है। छत्तीसगढ़ में पन बिजली और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काम को गति देते हुए अगले कुछ ही वर्षों में लगभग 10 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाना है। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी 7 हजार मेगावाट क्षमता की पंप स्टोरेज तकनीक की मदद से पन बिजली उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रही है तथा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सौर सुजला और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बड़ी भूमिका होगी।भारत सरकार ने आमजन को भी ऊर्जा उत्पादक बनाने की व्यापक योजना बनाई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना इस कड़ी में एक बहुत ही लोकप्रिय योजना है। योजना के तहत अगले कुछ वर्षों में 30 गीगावॉट (30 हजार मेगावॉट) बिजली देश के आम लोगों के घरों की छतों पर लगे सौर पैनलों से उत्पादित होंगे। इसके पहले चरण में छत्तीसगढ़ में 25 हजार घरों में सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी ने योजनाबद्ध कार्य शुरू भी कर दिया है।प्रधानमंत्री मोदी की यह महत्वाकांक्षी योजना भावी जरूरतों की पूर्ति में आमजन की भागीदारी को बढ़ाने वाला है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर 75 हजार 21 करोड़ रूपए व्यय किया जा रहा है। इसमें आम नागरिक को भारी भरकम अनुदान के साथ ही आवश्यक विद्युत अधोसंरचना का विकास भी शामिल है। योजना के तहत देश के एक करोड़ घरों की छतों पर एक से तीन किलोवॉट के सौर पैनल स्थापित होंगे जो लघु बिजली संयंत्र की भांति कार्य करेंगे। अनुमान है कि तीन सौ यूनिट प्रतिमाह तक बिजली मुफ्त प्राप्त करने के साथ ही हितग्राही अपनी उत्पादित शेष बिजली को ग्रीड के माध्यम से राज्य बिजली कंपनियों को बेच सकेंगे। योजना की प्रारंभिक सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 13 फरवरी 2024 को शुरू होने के छह माह के अंदर एक करोड़ 28 लाख से अधिक हितग्राहियों ने सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए पंजीयन कराया है।देश की प्रगति और समृद्धि को समझने के लिए प्रति व्यक्ति आय की तरह प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत भी एक आधार है। साल 1947 में खपत 18.47 किलोवॉट ऑवर (केव्हीएच) से आज 2024 में 72 गुणा अधिक 1327 केव्हीएच पहुँच चुका है जिसके तेजी से बढ़ते हुए अगले 5-6 वर्षों में 1500 केव्हीएच तथा वर्ष 2050 में 2500 केव्हीएच प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष ऊर्जा खपत होने का अनुमान है। हमारी ऊर्जा जरूरतें कोयला आधारित संयंत्रों से उत्पादित बिजली पर अधिक निर्भर हैं जिसे समयबद्ध ढंग से नवीकरणीय ऊर्जा तथा अन्य वैकल्पिक ऊर्जा श्रोतों से पूरा करने की आवश्यकता है। भारत में आज विद्युत उत्पादन क्षमता 446 गी.वॉ. है जिसमें 45.5 प्रतिशत गैर- जीवाश्म इंधन (नवीकरणीय ऊर्जा) से उत्पादित होता है। अब आगामी पाँच वर्षों में इसे बढ़ाकर 65 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता जो वर्तमान में 203 गीगावॉट है को अगले पाँच वर्षों में 500 गी.वॉ. तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। इसमें पवन ऊर्जा की वर्तमान क्षमता को 46.6 गी.वॉ. से 140 गी.वॉ. और वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा से ऊत्पादित बिजली को 85.5 गी.वॉ. से 270 गी.वॉ. करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिस प्रकार से देश ने सिर्फ दस वर्षों में सौर ऊर्जा क्षमता को 2.82 गी.वॉ से बढ़ाकर 85.5 गी.वॉ. तक पहुंचाया है ऐसे में अगले पाँच वर्ष का लक्ष्य असंभव नहीं कहा जा सकता है।भारत के संदर्भ में गैर-जीवाश्म इंधन को मुख्य ऊर्जा श्रोत बनाने की जरूत इसलिए भी है क्योंकि जीवाश्म इंधन कई पर्यावरणीय तथा पारिस्थितिकी असंतुलन (इकोलॉजिकल इंबैलेंस) का कारण बन रहा है और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के साथ इसके खतरे और चिंताजनक हो जाएंगे। नवीकरणीय ऊर्जा समय की मांग और मानवता के लिए आवश्यक है। भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की दिशा में जो कदम उठाए हैं उसके अच्छे परिणाम भी हमारे सामने है। इसके साथ ही वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 2005 की स्थिति सि 45 प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रधानमंत्री ने नारा दिया सबका साथ-सबका विकास और बाद में एक आयाम और जोड़ा सबका प्रयास। विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ अग्रिम पंक्ति में रहना चाहेगा । वो इसलिए भी कि विकास का पहिया बिना ऊर्जा दौड़ेगा नहीं । ऊर्जा से उन्नति को गति मिलती है और जिस प्रकार प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना समेत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ कार्य कर रहा है उससे आशा है कि प्रदेश आने वाले दशकों में भी पॉवर हब बना रहेगा।

-पी.दयानंद-

# सरगुजा स्वार्थ के गड्ढे में गिर गया है अब यहां आतंक,अपराध और उत्पात एक आम बात है:आदित्य



- **हर तरफ उत्पात और आतंक का माहौल...**
- **खौफ के साए में जी रहे लोग...**
- **राजनीति पार्टी के नेताओं के लिए आरोप-प्रत्यारोप के दौर हुए शुरू...**

हर तरफ समस्या ही समस्या हो गई है। हर तरफ उत्पात और आतंक मचा हुआ है। कहीं किसी गली में आवारा कुत्तों का आतंक है तो कहीं किसी गांव में हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। कहीं लूटपाट करने वालों का आतंक है कहीं हत्या करने वालों का आतंक है कहीं गाड़ी चोरी करने वालों का आतंक है तो कहीं महिलाओं से सोने की चेन लूटने वाले चोरों का आतंक है। हर तरफ शहर में नशे का आतंक है। तो कहीं मनचले प्रवृति के लोगों का आतंक है। शहर में रात के वक्त सड़कों पर महिलाएं सुरक्षित नहीं है तो दिन में कॉलेज और कोचिंग जाने वाले बच्चे सुरक्षित नहीं है तो कहीं गंदगी और गंदगी से होने वाली बीमारियों का आतंक है। कहीं हजारों पेड़ों की हत्या करने वाले ठेकेदारों का आतंक है तो कहीं बेवजह और दिखावे के लिए हजारों पौधों की हत्या करने वालों का आतंक है। हमारे सरगुजा जिले में हर तरफ उत्पात और आतंक मचा हुआ है। नेताओं के आसपास घूमने वाले चापलूस और चमचों का भी एक बड़ा उत्पात है क्योंकि वह लोग नेताओं की चमचागिरी करके और उनकी झूठी तारीफ करके नेताओं को इस तरह भटक रहे हैं की 2024 में जो शहर बुलेट ट्रेन की तरह दौड़ना चाहिए था वहीं शहर अब दो-दो इंजनों के बाद भी मालगाड़ी की तरह अटक-अटक कर चल रहा है और लगभग 10 वर्ष पीछे जा चुका है। कुल मिलाकर सरगुजा जिले में हर तरफ उत्पाद मचा हुआ है। जिसकी सूत्रधार सरगुजा की जनता। क्योंकि किसी ने सही कहा है किसी शहर के नेता, किसी शहर के अधिकारी या किसी शहर की व्यवस्था बिल्कुल वैसी ही होती है जैसी शहर की जनता होती है फिलहाल अम्बिकापुर शहर की जनता अपने स्वार्थ के गड्ढे में गिरी हुई है बिल्कुल उसी तरह और लोग भी अपने-अपने स्वार्थ के गड्ढे में गिर गए हैं।

-आदित्य गुप्ता-
अम्बिकापुर,सरगुजा(छ.ग.)

# घाटी में बसे दो प्रकार के वर्ग

मुफ्ती परिवारों का दोहरा मापदंड किसी से छिपा नहीं है। यह लोग जब दिल्ली में होते है, तब सेकुलरवाद', एकता, शांति, भाईचारे की बात करते हुए एकाएक भावुक हो जाते है। किंतु घाटी लौटते ही उनके भाषणों/वक्तव्यों में भारतीय एकता-अखंडता के प्रति घृणा, तो बहुलतावाद-लोकंतत्र विरोधी इस्लामी कट्टरपंथियों के लिए सहानुभूति दिखती है।जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव 18 सितंबर से लेकर एक अक्टूबर के बीच तीन चरणों में संपन्न होंगे। चुनाव का मुद्दा क्या है? क्या कश्मीर वर्ष 2019 से पहले के उस कालखंड में लौटे, जब क्षेत्र में सभी आर्थिक गतिविधियां बंद थी, विकास कार्यों पर लगभग अघोषित प्रतिबंध था, सेना-पुलिसबलों पर लगातार पत्थरबाजी होती थी, गाए-बगाए अलगाववादियों द्वारा बंद बुला लिया जाता था और वातावरण पाकिस्तान जिंदाबाद' जैसे भारत विरोधी नारों से दूषित होता रहता था? या फिर इस केंद्र शासित प्रदेश में बीते पांच वर्षों की भांति वैसी विकास की धारा बहती रहे, जिसके कारण कश्मीर तुलमात्मक रूप से शांत है, देश के शेष हिस्सों की तरह संविधान-कानून का इकबाल है और बहुलतावादी संस्कृति के साथ समरसता से युक्त वातावरण है? यह प्रश्न इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि इस चुनाव में जम्मू-कश्मीर के बड़े क्षत्रप दल नेशनल कॉन्फ्रेंस ने राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है।

-बलबीर पुंजअब्दुल्ला-

# अतिवाद की अवधारणा और औपनिवेशिक विस्तारवाद



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़



वर्तमान परिपेक्ष में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं। धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होती है। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65 प्रतिशत 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए । देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू ,मुस्लिम,सिक्ख,इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्टवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्टवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

## ये तर्पण है पितरों को



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़



ये तर्पण है, पितरों को तिल का
ये श्राद्ध है, पुर्वजों को अन्न का।

ये आस्था है, बिछड़ों के सेवा का
ये विस्वास है, अपनो के प्रेम का।

ये पर्व है जीव आत्म के तृप्ति का
ये स्मृतियां हैं, अदृश्य आत्मा का।

ये मोक्ष है स्व के सभी पुरखों का
ये पक्ष है अपने पितृ के तृप्ति का।

ये पक्ष है, देवताओं, के भोगों का
ये पक्ष है ऋषिमुनि के भोगों का।

ये पक्ष है अनन्त में मिल जाने का
ये पक्ष है ब्रम्हांड में मिल जाने का।

ये पक्ष है, निर्धन को, दान देने का
ये पक्ष है जीव-ब्रम्ह की सेवा का।

ये पक्ष है पुरखों के, पिंडदानो का
ये पक्ष है भाद्र पद के पूर्णिमा का।

ये पक्ष है, आश्विन, अमावश्या का
ये आस्था है,वंश के विकास का।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सीएएफ जवान ने सर्विस रायफल से की ताबड़तोड़ फायरिंग,2 जवानों की मौत,1 गंभीर

- संवाददाता -
कुसमी,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के भूताही कैंप में बुधवार की सुबह बड़ी घटना हो गई। दरअसल खाने के दौरान मिर्च देने से मना करने पर सीएएफ के एक जवान ने 2 जवानों पर सर्विस रायफल से गोलियां चला दी। इससे 1 जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे जवान के दोनों पैरों में गोलियां लगी है। वहीं एक अन्य जवान की मौत शॉक लगने की वजह से हो गई। गंभीर रूप से घायल जवान को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जबकि गोली चलाने वाले जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।





बलरामपुर जिले के भूताही में जवानों का कैंप स्थित हैं। बुधवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे सीएएफ के जवान भोजन कर रहे थे। इस दौरान जवान अजय सिदार ने खाना परोसने वाले जवान रुपेश पटेल से मिर्च की मांग की। मिर्च देने से मना करने पर दोनों के बीच बहस होने लगी। इसी बीच वहां रहे गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला ने रुपेश पटेल का सपोर्ट किया। इससे अजय सिदार काफी आक्रोशित हो गया और खाना छोड़कर उठा। इसके बाद उसने अपनी इंसास रायफल उठा ली और रुपेश पटेल पर गोलियां बरसा दीं। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अजय सिदार ने रुपेश पटेल का सपोर्ट करने वाले जवान अंबुज शुक्ला के दोनों पैरों में गोलियां मारी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक अन्य जवान को गोलियां छूते हुए निकल गई। इस दौरान वहां मौजूद जवान राहुल बघेल ने अजय सिदार को किसी तरह पकड़कर काबू में किया। घटना की सूचना मिलते ही बलरामपुर के नक्सल ऑपरेशन एसपी शैलेष पांडेय भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बताया कि गोलियां चलने से एक जवान संदीप पांडेय को शॉक लगा और वह गिर गया। उसे अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद आला अधिकारियों के निर्देश पर अन्य जवानों द्वारा मृत और घायल जवान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने रुपेश पटेल को मृत घोषित कर दिया, जबकि जवान अंबुज शुक्ला का इलाज शुरु किया। अंबुज के दोनों पैरों में बुलेज धंसी हुई है। डॉक्टरों ने उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शॉक लगने से मृत जवान संदीप पांडेय के संबंध में बीएमओ डॉ. सतीश पैंकरा का कहना है कि जवान के शरीर पर गोलियों के एक भी निशान नहीं मिले हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

# बलरामपुर जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम आरा में मंगलवार की शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा पत्थरबाजी की गई। पत्थरबाजी में शोभायात्रा में शामिल एक युवती घायल हो गई। इससे गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी व तहसीलदार गांव में पहुंचे। उन्होंने 5 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुर कर दी है।हिंदू समाज के देवी-देवताओं के पूजन व शोभायात्रा में पत्थरबाजी की घटनाएं देशभर से निकलकर सामने आ रही हैं। इसी बीच बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम आरा से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। दरअसल ग्राम आरा में गणेशोत्सव के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल में रखी गई थी। 9 दिन तक चले आयोजन के बाद मंगलवार की शाम गणेश प्रतिमा का विसर्जन का कार्यक्रम था। इस दौरान लोग प्रतिमा विसर्जन करने निकले। प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकली थी। इसी दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों पर पत्थरबाजी की गई। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। गणेश प्रतिमा विसर्जन में एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा की गई पत्थरबाजी से शीला यादव नामक एक किशोरी घायल हो गई। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना से गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह व तहसीलदार कुमार गांव में पहुंचे। पत्थरबाजी से आक्रोशित गांव वालों ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। पुलिस व प्रशासन ने मौके की नजाकत को देखते हुए एक धर्म विशेष के 4 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। घटना के बाद बरियों चौकी में भी काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। बुधवार की सुबह भी गांव में इस बात को लेकर आक्रोश है।

# गणेश विसर्जन की भव्य झांकियों व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

» **बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति का शानदार आयोजन**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।





बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति द्वारा स्थानीय विवेकानंद चौक (घड़ी चौक) में मंगलवार को आयोजित गणपति विसर्जन के भव्य झांकी प्रदर्शन व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय के बीच समां बांध दिया। एक तरफ नगर के विभिन्न वार्डों व मोहल्लों से गणपति बप्पा मोरया के जयकारे व ढोल नगाड़े के साथ विसर्जन को भगवान गणेश की भव्य सुंदर प्रतिमाएं घड़ी चौक से गुजरते हुए वातावरण को भक्तिमय बनाती रही तो दूसरी ओर सनातन हिन्दू संस्कृति के सुंदर भजनों पर नृत्य व नाटकों की बेहतरीन प्रस्तुतियों से उपस्थित नगरवासी व श्रद्धालुजन भक्ति भाव से सराबोर होते रहे। देर रात्रि तक कार्यक्रमों की से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को अपनी कुर्सियों से बांधे रखा। दिल्ली, कोलकाता, मध्यप्रदेश तथा बिलासपुर व एमसीबी जिले से आए कलाकारों के समूह ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि सनातन हिन्दू संस्कृति को विस्तार देने के लिए ऐसे सुन्दर आयोजन ज्यादा से ज्यादा आयोजित करने की आवश्यकता है ताकि नई पीढ़ी सनातन संस्कृति की परम्परा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सके। विधायक राजेश अग्रवाल ने भी कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया ने आयोजन को सफल बनाने के लिए नागरवासियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पिछले तीन दिनों से शहर में लगातार बारिश होती रही,परंतु कार्यक्रम के दौरान कोई बारिश नहीं हुई और कार्यक्रम बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ये गणपति भगवान की ही कृपा है। समिति महामाया पछाड़ में विराजे स्वयंभू गणेश तथा गणपति धाम के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेगी। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र सिंह टूटेजा तथा संतोष दास ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष संतोष बिहाड़े ने किया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर अजय तिर्की भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह,पूर्व अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड शफी अहमद, सभापति अजय अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, द्वितेंद्र मिश्रा, आलोक दुबे, अंबिकेश केशरी, जे पी श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल, विवेक दुबे, राजीव अग्रवाल, निलेश सिंह, हरमिंदर टिन्नी, हरपाल सिंह भामरा, मनीष सिंह, सुधीर सिंह, अभिषेक शर्मा, मंजूषा भगत, मधु चौदाहा, शैलेश सिंह, इंदर भगत, अनीश सिंह, शरद सिन्हा, प्रमोद चौधरी, रविन्द्र तिवारी, डीके सोनी, अजय सिंह, अंशुल श्रीवास्तव, नीरज पांडेय, शुभांगी बिहाडे, प्रियंका चौबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस ने भाजपा नेताओं का जताया विरोध

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



भाजपा और उनके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ किए गए बयानबाजी का महिला कांग्रेस ने विरोध जताया है। बुधवार को महिला कांग्रेस के आह्वान पर सरगुजा की महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना शिंदे गुट के संजय गायकवाड़, यूपी के मंत्री रघुराज सिंह समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद गीता प्रजापति ने कहा कि अपनी गिरती ख्याति को बचाने के लिए बीजेपी के कुछ लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आक्षेप कर रहे हैं। अगर किसी की रोजी-रोटी और किसी का जीवन यापन राहुल गांधी के नाम से चल रहा है, तो फिर इस बात पर राहुल गांधी भी खुश होंगे कि उनका नाम लेकर किसी की रोजी-रोटी चल रही है और ख्याति प्राप्त हो रही है तो फिर उनका नाम लेते रहें, इस पर राहुल गांधी को भी आपत्ति नहीं है।प्रधान मंत्री और गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए इसतरह के बयानों पर उनके क्या विचार है।इधर राहुल गांधी पर दिए गए विवादित बयानों के बाद युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जताया. इस मौके पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विकल झा ने कहा कि बीजेपी के नेताओं की अपने शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ ऐसी अपमानजनक और अनर्गल बयान देना सामान्य से बात हो गई हैं. गांधी परिवार का इतिहास शहादत का है।गांधी कभी गोड़से वादियो से डरे नहीं हैं। भाजपा और संघ का यही चरित्र है।देश का युवा राहुलगांधी के खिलाफ उठने वाली हर आवाज का मुंहतोड़ जवाब देगा। इस दौरान रजनीश सिंह, नीतीश चैरसिया,विकास केशरी, नुजहत फातिमा (नीलू ), गीता रजक, गीत श्रीवास्तव, सचल शाण्डिल्य,चित्र मिश्रा,प्रीति सिंह, एंजेला करकेता, अनुराधा दास, सपना सिन्हा, रश्मि सोनी,संगीता मिंज उर्मिला विश्वास, मंजू सिंह,हामिद बनो सकीला परवीन,अंजू चन्द्रवंशी सहित महिलाएं मौजूद थीं।

# लाइवलीहुड कॉलेज व चांची राजपुर की टीम ने जीते मैच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गांधी स्टेडियम में खले जा रहे नॉकआउट कम लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच फुटबॉल क्लब कर्रा व लाइवलीहुड कॉलेज के मध्य खेला गया। जिसमें लाइवलीहुड कॉलेज ने 1-0 गोल से कर्रा को हरा दिया। जबकि दूसरा मैच ट्राइबल टाइगर व राजपुर चांची के मध्य खेला गया, जिसमें पहले हाफ में चांची की टीम ने 1-0 गोल से बढ़त पर रही। दूसरे हाफ में ट्राइबल टाइगर की टीम ने भी 1 गोल कर टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में चांची राजपुर की टीम से मुकेश तिर्की ने अपने टीम के लिए दूसरा गोल कर टीम को 2-1 गोल से बढ़त बना ली और मैच जीत लिया। गुरुवार को भी दो मैच खेला जाएगा। पहला मैच कपसरा व पीजी इलेवन अंबिकापुर के मध्य खेला जाएगा एवं दूसरा मैच कोटिया दरिमा व न्यू स्पोर्टिंग क्लब दुग्गा भटगांव के मध्य खेला जाएगा।



# पूर्व माध्यमिक शाला केदारपुर में नेवता भोज का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पूर्व माध्यमिक शाला केदारपुर में सेवा किटी समूह द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रम्हकुमारी प्रमुख बीके विद्या थीं।



उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को एक लक्ष्य जीवन को सफल बनाने के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में समूह की संयोजिका वन्दना दत्ता और संस्था की प्रधान पाठिका पूनम जायसवल ने भी बच्चो को सम्बोधित किया। इस दौरान सेवा किटी समूह की सन्तोष पांडे, गायत्री अग्रवल, सरिता भाटिया, रेखा इंगोले, मधु चौदह, अलका मिश्रा, सत्या दुबे, च्यती अग्रवल, नीलिमा मिश्रा, आंचल पांडेय, अमिता मिश्रा, ज्योति द्वेवेदी, दीपमाला सिह, स्मिता तिवारी, अंजना परिहार, सुनीता दास शिक्षक अवध कुमार गुप्ता, प्रिया सिह, भारती सिह, आरती विश्वकर्मा, बृजनारायण का सहयोग रहा।

# शिक्षा से ही बदला जा सकता है समाज और देश का भविष्य

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राजमोहिनी देवी भवन में रविवार को धोबी समाज द्वारा संभागीय सामाजिक सम्मेलन कराया गया। कार्यक्रम में पहुंचे धोबी समाज के प्रमुख और समाज के लोगों ने धोबी समाज के उत्थान को लेकर चर्चा करने के साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में पहुंचे सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने बताया की धोबी समाज का वर्णन चल रहा है, धोबी समाज के संभाग के सम्मेलन में पहुंचे जनप्रतिनिधियों से समाज के लोगों ने समाज के लिए भवन निर्माण की मांग की है जिस पर सांसद समेत स्थानीय विधायक ने अपने सहयोग से पूरा प्रयास कर पूर्ण करने की बात कही है। धोबी समाज प्रमुख जानो ने सामाजिक हित में काम करने के साथ ही समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने की बात करते हुए बताया की इस दौर में शिक्षा बहुत जरुरी है शिक्षा से ही समाज और देश का भविष्य बदला जा सकता है। आने वाले समय में समाज में शिक्षा को लेकर जागरूक करने समाजा के मेघावी छात्रों को सम्मानित भी किया जायेगा।



कार्यक्रम में बिल्हा विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक ,लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, शामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य प्रहलाद रजक, छत्तीसगढ़ एकता मंच धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर, छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका रजनी रजक,प्रदेश महिला अध्यक्ष निर्मला रजक, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर, प्रदेश चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र , छत्तीसगढ़ रजक महासंघ के अध्यक्ष किशन लाल निर्मलकर, सामाजिक कार्यकर्त्ता राकेश निर्मलकर, सरगुजा संभागीय धोबी समाज के अध्यक्ष राकेश कुमार रजक, संरक्षक दुर्गा रजक, लाल मालवीय एवं मदन रजक महासचिव नितिन रजक, कोषाध्यक्ष राजा रजक, उपाध्यक्ष विनोद रजक , सरगुजा धोबी समाज के अध्यक्ष रोशन कनौजिया , बलरामपुर अध्यक्ष बसंत कनौजिया, जशपुर जिला अध्यक्ष राजेश शेट्टी , बाल गोविंद रजक, सूरजपुर अध्यक्ष धर्मपाल रजक, संभागीय, जिला सरगुजा युवा अध्यक्ष अजय रजक, दीनू रजक, सौरभ रजक संभागीय महिला अध्यक्ष आशा रजक, महामंत्री उर्मिला रजक, महासचिव चंचल रजक, उपाध्यक्ष दुर्गा कनौजिया कोषाध्यक्ष सुनीता रजक, सरगुजा जिला अध्यक्ष विमला रजक, बेगमाती रजक, बिंदु रजक, नीतू रजक, गंगोत्री रजक शामिल रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया शानदार व्यक्ति, कहा...अमेरिका दौरे के दौरान होगी उनसे मुलाकात...

**वॉशिंगटन,18 सितम्बर 2024।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अगले तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने आयात शुल्क के मुद्दे पर भारत की आलोचना की, वहीं पीएम मोदी को उन्होंने शानदार व्यक्ति बताया। पीएम मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे।



पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले हफ्ते अमेरिका में उनसे मिलेंगे। यह जानकारी उन्होंने मिशिगन में एक टाउन हॉल बैठक के दौरान दी। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा आयात पर उच्च शुल्क लगाने की बात दोहराई। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने भारत को %गलत व्यवहार% करने वाला बताया।

व्यापार और आयात शुल्क से जुड़े सवालों पर ट्रंप ने कहा, वे बहुत तेज दिमाग वाले लोग हैं। वे थोड़ा भी पीछे नहीं है। आप उनके हाव-भाव से जानते हैं कि वे अपने खेल में शीर्ष पर हैं और वे इसका इस्तेमाल हमारे खिलाफ करते हैं। भारत और ब्राजील सख्त हैं। चीन सबसे ज्यादा सख्त है।

उन्होंने कहा, हम समान व्यापार करने जा रहे हैं। अगर कोई हम पर 10 सेंट, 2 डॉलर का शुल्क लगाता है, तो हम भी उतना ही शुल्क लगाएंगे। अगर वे 100 फीसदी या 250 फीसदी शुल्क लगाते हैं, तो हम भी वहीं करेंगे। और क्या होगा? सब कुछ खत्म हो जाएगा और हम फिर से शुल्क मुक्त व्यापार कर पाएंगे।

वहीं, ट्रंप के बयान पर विदेश मंत्रालय ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पीएम मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत क्वाड नेताओं के सम्मेलन से करेंगे, जिसकी मेजबानी राष्ट्रपति जो बाइडन डेलावेयर के विलमिंगटन में करेंगे। इस सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी शामिल होंगे। इसके बाद मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे और 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में एक बड़े सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इकके अगले दिन वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में समिट ऑफ द फ्यूचर कार्यक्रम में वैश्विक नेताओं को संबोधित करेंगे।

मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दो महीने बाद ही देश में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इन राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। अमेरिका में आम चुनाव पांच नवंबर को होंगे।

# बांग्लादेश में सेना को मिलीं न्यायिक शक्तियां; कानून व्यवस्था सुधारने के लिए अंतरिम सरकार का फैसला

**ढाका,18 सितम्बर 2024।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश में कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सेना को दो महीनों के लिए न्यायिक शक्तियां दी है। लोक प्रशासन मंत्रालय ने सरकार के फैसले पर एक अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शक्तियां सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी को दी गई है। यह अधिकारी अगले 60 दिनों लागू होगा। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 17, जो सेना के अधिकारियों को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट का दर्जा देती है, ने कहा कि ये अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट डिप्टी कमिश्नरों के अधीनस्थ होंगे।

कानून सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा,हम कई स्थानों पर तबाह करने वाले कृत्य देख रहे हैं। हालात को देखते हुए सेना के जवानों को न्यायिक शक्तियां दे दी गई है।÷



उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सेना के जवान इस अधिकार का दुरुपयोग नहीं करेंगे। एक अन्य सलाहकार ने कहा, ÷पुलिस अभी तक ठीक से काम नहीं कर पाई है। शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से कई पुलिसकर्मी सड़कों पर नदारद हैं।÷ हसीना सरकार के गिरने से पहले और तुरंत बाद पुलिस को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। भीड़ ने उनके वाहनों और संपत्तियों में आग लगा दी।

पुलिसकर्मियों पर हिंसा को देखते हुए बांग्लादेश पुलिस अधीनस्थ कर्मचारी संघ ने छह अगस्त को अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी। हालांकि, 20 अगस्त को गृह मंत्रालय के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन के साथ बैठक के बाद हड़ताल वापस ले ली गई थी। पूर्व सचिव अबू आलम मोहम्मद शाहिद खान ने कहा कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का यह निर्णय आवश्यक है। वहीं, वकील जी. खान पन्ना ने अंतरिम सरकार के इस फैसले का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं है। क्या सरकार का मजिस्ट्रेट्स से भरोसा उठ गया? डिप्टी कमिश्नर के अधीन न्यायिक कर्तव्यों का पालन करना सेना के जवानों के लिए ठीक नहीं है। सेना के जवानों को सामान्य लोगों के साथ मिलाना ठीक नहीं है।

# ताइवान में नहीं बुडापेस्ट में बने थे हिजबुल्ला पर हमले वाले पेजर,गोल्ड अपोलो कंपनी का बयान




**ताइपे, 18 सितम्बर 2024।** लेबनान में सिलसिलेवार हुए पेजर धमाकों में अब एक नया बयान सामने आया है। यह बयान दिया है ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो ने। बता दें कि इसी कंपनी के पेजर में मंगलवार को विस्फोट हुए, जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और करीब तीन हजार लोग घायल हैं। कंपनी ने कहा है कि जिन पेजर्स में धमाके हुए उनका निर्माण ताइवान में नहीं बल्कि बुडापेस्ट की एक कंपनी द्वारा किया गया। मंगलवार को लेबनान में पेजर्स में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में नौ लोगों की मौत हुई है और करीब तीन हजार लोग घायल हुए हैं। इस हमले में हिज्बुल्ला के लड़ाके निशाने पर थे।

### ताइवान की कंपनी का दावा-बुडापेस्ट में बने ये पेजर्स


जिस कंपनी के पेजर्स में धमाके हुए अब उस ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो का बयान सामने आया है। इस बयान में कंपनी ने बताया कि जिन पेजर्स में धमाके हुए उनका निर्माण बुडापेस्ट की एक कंपनी द्वारा किया गया था और इन पेजर्स पर सिर्फ ब्रांड के नाम का इस्तेमाल किया गया था। यूरोपीय कंपनी के पास ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो के नाम से उत्पादों का निर्माण करने का लाइसेंस है। गोल्ड अपोलो के संस्थापक और अध्यक्ष चिंग-कुआंग ने ताइपे में मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिन पेजर्स में धमाके हुए हैं, उनका निर्माण हमारे द्वारा नहीं किया गया है, ब्लकि उन पर सिर्फ हमारा ब्रांड नाम था।

# फ्लोरिडा में 11 साल का छात्र अपने पास हथियारों की मार रहा था डींगे,गोलीबारी की भी दी धमकी,पुलिस ने दबोचा

**वॉशिंगटन,18 सितम्बर 2024।** अमेरिका के फ्लोरिडा में 11 साल के एक लड़के को पुलिस ने गोलीबारी की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। लड़के के पास से हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ है, जिसे देखकर पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

### छात्रों के सामने मार रहा था डींगे

वोलुसिया काउंटी के शेरिफ माइक चिटवुड ने बताया कि 11 साल के कार्लो किंगस्टन डोरेली ने अपने साथ सहपाठियों को हथियारों का एक वीडियो दिखाया था और धमकी दी थी। वह अपने पास





हथियारों का विशाल जखीरा होने तथा दो अलग-अलग स्कूलों में हमला करने की साजिश रचने की योजना के बारे में डींगे मार रहा था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एयरसॉफ्ट राइफल, पिस्तौल और नकली गोला-बारूद के साथ-साथ चाकू, तलवार और अन्य हथियार जब्त किए।

### अब कह रहा मजाक था...

अधिकारी ने सोमवार को बताया कि लड़के ने नामों और लक्ष्यों की एक सूची तैयार की थी। हालांकि, पूछताछ करने पर उसने कहा कि यह सब एक मजाक था।

### इन स्कूलों को निशाना बनाने की दी थी धमकी

माइक चिटवुड ने कहा,हमने वादे के अनुसार क्रीकसाइड मिडिल स्कूल के एक छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। उसने क्रीकसाइड या सिल्वर सैंड्स मिडिल स्कूल में गोलीबारी करने की धमकी दी थी। इतना ही नहीं 11 साल के लड़के ने नामों और लक्ष्यों की एक सूची भी तैयार की थी। हालांकि, अब छात्र का कहना है कि यह सब एक मजाक था।

### लड़के को गिरफ्तार करने का वीडियो जारी

शेरिफ ने डोरेली पर सामूहिक गोलीबारी की धमकी देने का आरोप लगाया। साथ ही एक वीडियो जारी किया, जिसमें अधिकारियों को लड़के को जेल ले जाते हुए दिखाया गया।

### अधिकारी ने पहले ही बच्चों पर कार्रवाई करने की दी थी चेतावनी

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 11 साल के लड़के की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिनों पहले शेरिफ ने जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में हुई घातक गोलीबारी के बाद झूठी सूचना मिलने के बाद शरारतपूर्ण धमकी देने वाले बच्चों को सबक सिखाने का वादा किया था। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई थी।

# महीनों से तैयारी कर रहा था इस्राइल?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान के अधिकारियों ने दावा किया है कि इस्राइल द्वारा कई महीनों से हिज्बुल्ला के खिलाफ हमले की तैयारी चल रही थी। हिजबुल्ला ने ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो को करीब पांच हजार पेजर्स का ऑर्डर दिया था। जो बीते दिनों ही लेबनान पहुंचे थे। ट्रैक किए जाने के डर से हिजबुल्ला के लड़ाके पुराने जमाने के पेजर्स इस्तेमाल कर रहे थे। लेबनान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि जब पेजर्स का निर्माण किया जा रहा था, उसी वक्त मोसाद ने पेजर्स के अंदर एक बोर्ड लगाया था, जिसे पर विस्फोटक पदार्थ लगा था। जैसे ही इस बोर्ड के जरिए पेजर को कोड मिला, तो इन पेजर्स में विस्फोट हो गया। खास बात ये है कि पेजर्स में लगा बोर्ड इस तरह का था कि उसे स्कैनर में पकड़ पाना बेहद मुश्किल था।

# बस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत,28 घायल

**लीमा,18 सितंबर 2024।** उत्तरी पेरू के ला लिबर्टाड क्षेत्र में दो बसों की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना असकोप प्रांत के चिकामा जिले में हुई। ग्रान चिमू और ट्रूजिलो प्रांतों के बीच यात्रा कर रही बस एक अन्य वाहन के बीच टक्कर लगने से यह दुर्घटना हुई। बस में एक एग्रो-इंडस्ट्रियल कंपनी के कर्मचारी सवार थे। पीएनपी कमांडर कार्लोस ओड्रिया ने एक स्थानीय मीडिया आउटलेट को बताया कि हमारे पास 28 लोगों के घायल होने की रिपोर्ट है। दो मोबाइल यूनिट के कर्मचारी घटनास्थल पर हैं, जो घायलों को सहायता और सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पीएनपी ने तेज गति को एक संभावित कारण के रूप में खारिज नहीं किया है और इस घटना की जांच जारी रखी है

# ईरान में बस हादसे में 10 लोगों की मौत,36 घायल

**तेहरान,18 सितंबर 2024।** ईरान के यज्द प्रांत में एक बस के पलट जाने से 10 लोगों की मौत हो गई है और 36 अन्य लोग घायल हो गए। ईरान के यातायात पुलिस प्रमुख हसन मोमेनी ने बताया कि यह घटना मंगलवार को स्थानीय समय के अनुसार, प्रातः 2.20 बजे अर्दकान काउंटी में साघांद गांव के पास हुई। यह घटना बस के मुख्य सड़क से भटककर एक माइनिंग एक्सेस मार्ग पर चले जाने के बाद पलटने की वजह से हुई।



मोमेनी ने कहा कि बस दक्षिणी ईरानी प्रांत बुशहर से उत्तर पूर्वी शहर मशहद जा रही थी। तभी यह हादसा हुआ। घायलों को यज़्द के चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि घटना किन कारणों से हुई, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

रेड क्रिसेंट सोसायटी के प्रबंध निदेशक मोहम्मद इश्की ने बताया कि बस में 51 लोग सवार थे, जिनमें से पांच को कोई चोट नहीं आई है।

इससे पहले 31 अगस्त को यज्द शहर में ईरान से इराक जा रहे तीर्थयात्रियों की बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में 28 पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई थी। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया था, धार्मिक यात्रा के दौरान 28 पाकिस्तानी जायरीन की मंगलवार देर रात यज्द शहर में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। अन्य 23 लोग घायल हैं।

यह हादसा ईरानी राजधानी तेहरान में पाकिस्तानी दूतावास से लगभग 700 किमी दूर हुआ था।

# विमान सेवा जल्द शुरू करने को लेकर टीएस सिंहदेव ने अलायंस एयर के सीईओ से की बात

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा में अलायंस एयर द्वारा मंगलवार को किए गए ट्रायल लैडिंग और एयरलाईन कंपनी की भावी योजनाओं को लेकर कंपनी के सीईओ विनित सूद से टेलीफोनिक चर्चा की है। मंगलवार को दरिमा एयरपोर्ट पर अलायंस एयर का 72 सीटर प्लेन ट्रायल लैडिंग के लिए उतरा था। इसके लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अलायंस एयर के सीईओ को धन्यवाद ज्ञापित किया। चर्चा में उन्होंने अम्बिकापुर को नियमित विमान सेवा से त्वरित रुप से जोडने् का आग्रह किया। इसपर विनित सूद ने नियमित सेवाओं के लिए कंपनी द्वारा की जा रही प्रक्रियाओं का हवाला दिया साथ ही उन्होंने बताया कि प्रक्रियाएं पूरी होने के साथ ही अम्बिकापुर विमानन सेवा के नक्शे में आ जाएगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अलायंस एयर के सीईओ को यह आश्वासन दिया है कि विमानन सेवा प्रारंभ करने को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य से होने वाली प्रक्रियाओं के शिघ्र संपादन के लिए वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से स्वयं चर्चा करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अलायंस एयर के सीईओ को यह सुझाव दिया कि रायपुर से अम्बिकापुर होते हुए वाराणसी तक के विमान सेवा से विमानन सुविधा की शुरुआत हो। भविष्य में अम्बिकापुर को दिल्ली, कोलकाता, रांची, हैदराबाद, मुम्बई के हवाई अड्डों से भी जोडा जाए। सकारात्मक माहौल में हुई इस चर्चा पर अलायंस एयर के सीईओ ने पूर्व उपमुख्यमंत्री के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए इनपर अमल का आश्वासन दिया है।

# फुटबॉल फाइनल मैच मे शामिल हुए विधायक खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत करई में युवाओं के द्वारा स्कूल ग्राउंड में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमें लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रुप शामिल रहे इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 32 टीमो ने भाग लिया फाइनल मैच में विधायक द्वारा दोनों टीमों का परिचय प्राप्त कर टास कर किक्क लगाकर कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया,मैच के मुकाबले में



प्रथम बिजेता दरिमा की टीम रही तो वही उप विजेता करई की टीम रही प्रथम पुरस्कार 35000 एवं कप व द्वितीय पुरस्कार 20000 एवं कप दिया गया विधायक प्रबोध मिंज द्वारा दोनों टीमों को पुरस्कृत धनराशि एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया गोल लगाने पर सभी खिलाड़ियों को विधायक द्वारा 2000 नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया.

स्वागत गीत एवं नित्य कर स्वागत करने वाली स्थानीय बच्चियों को 2500 नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया प्रोग्राम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रिका यादव विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू , सरपंच विलाशो एक्का उप सरपंच रामधार यादव जनपद सदस्य कृष्णा, राठिया वरिष्ठ भाजपा नेता भैया लाल साहू,प्रवीण यादव , रवि महंत,संदीप खेस,धर्म पैकरा ,बबलू कुजूर ,पास्टर सकत राम किस्पोट्टा,नवल कुजुर कुन्नी चौकी प्रभारी राजेश्वर,महंत सचिव भोजराज राजवाड़े जी एवं भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर व्यास ने ओड़गी विकासखंड के महुली एवं बिहारपुर का किया दौरा







## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर के नवीन भवन निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत ग्राम महुली एवं बिहारपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने महुली के उपस्वास्थ्य केंद्र, पीएम श्री प्राथमिक शाला, शासकीय हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल, ग्रामीण सचिवालय तथा बिहारपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालक आश्रम और छात्रावास ,आत्मानंद स्कूल और तहसील के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण जनों के विभिन्न समस्याओं को भी सुना।

इस दौरे में कलेक्टर श्री व्यास ने महुली उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं ओपीडी मरीजों का जायजा लिया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं अद्यतन करने, आधार कार्ड अपडेशन, एनसीडी स्क्रीनिंग के संबंध में जानकारी ली और प्राथमिकता के साथ इन कार्यों को शत प्रतिशत रूप में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूरा करने और बिजली आपूर्ति नियमित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा को मरीजों के लिए बेहतर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री व्यास ने पीएम श्री प्राथमिक स्कूल महुली के भवन, मध्यान भोजन एवं शिक्षा के स्तर का निरीक्षण किया। भवन का गुणवत्ता ठीक नहीं पाए जाने पर और शैक्षणिक गतिविधि में लापरवाही पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही भवन मरम्मत को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने मिडिल स्कूल और हाई स्कूल महुली का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीण सचिवालय के आयोजन के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने बिहारपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने गुणवत्ता का भी अवलोकन किया और जल्द से जल्द अस्पताल निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। बालक आश्रम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भवन में सभी आवश्यक मरम्मत कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनके पढ़ाई को लेकर बातचीत की और विभिन्न विषयों के प्रश्न भी पूछे। साथ ही उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल बिहारपुर में निर्माण कार्य का अवलोकन किया और जल्द से जल्द शौचालय का मरम्मत करने के निर्देश दिए । इसके अलावा उन्होंने बिहारपुर में नवीन तहसील भवन निर्माण कार्य का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।




# ऐसे गीत-संगीत-नृत्य से विद्यार्थियों का कैसे होगा भला ?

**मैडम जी ने किया जमकर डांस,छात्रों का भी नहीं रखा लिहाज...अब सोशल मीडिया पर जमकर हो रही वायरल**

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़सरा की शैक्षणिक गुणवत्ता शून्य,पूरक परीक्षा में शामिल हुए लगभग सारे विद्यार्थी फेल**

**स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अश्लील गाने एवं डांस से स्कूली बच्चों पर पड़ रहा बुरा असर**

## सूरजपुर के सरकारी स्कूल में अश्लील गाने पर डांस का वीडियो हुआ वायरल

-आदित्य गुप्ता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

विकास खंड भैयाथान के ग्राम पंचायत बड़सरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता शून्य है। यहाँ बोर्ड परीक्षा में ठेके पर नकल की शिकायत भी गत वर्ष हुई थी। जिले के आला अधिकारियों से लगातार शिकायतों के बावजूद इस विद्यालय को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। अभिभावकों में विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर जहाँ चिंता झलक रही है तो वहीं विद्यालय में लड़की आँख मारे गीत पर शिक्षिका द्वारा नृत्य कर विद्यार्थियों और स्टाफ का मनोरंजन किया जा रहा है।

ऐसे में विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लाना स्वाभाविक है। गत वर्ष के घोर निराशा जनक परिणाम के बाद भी विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग द्वारा अनुशासन और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं किया जा सका है.विद्यालय में सभी लोगों ने 'अश्लील डांस' का जमकर लुत्फ उठाया. हैरान करने वाली बात थी इन लोगों ने स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भी लिहाज नहीं रखा। स्कूल के छात्रों के सामने ये 'अश्लील डांस' करवाया गया और वो भी इसे देख रहे थे। विभाग के अधिकारी दांत निपोर कर बस रह जाते हैं। विदित हो कि सत्र 2023-24 में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत 69 में से 19 विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो पाए हैं.विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल लेकर आना भी परेशानी का सबब है। कई विद्यार्थियों के इंस्टा आई डी संचालित होते हैं जिनसे स्कूल से रील्स आने की खबरें आम हैं।



## शासकीय शालाओं में शिक्षक-पालक बैठक सम्पन्न

-संवाददाता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा श्री रोहित व्यास के निर्देशन में जिले के समस्त शासकीय शालाओं में शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक के सुचारू संचालन हेतु जिले के शीर्षस्थ अधिकारियों की ड्यूटी निरीक्षण हेतु लगाई गई है। इनके द्वारा संकुल समन्वयकों से सम्पर्क कर उनके संकुल क्षेत्र में आने वाली किसी भी शाला के आयोजित बैठक में उपस्थित होना है। आयोजित बैठक में छात्रों की नियमित उपस्थिति, तिमाही परीक्षा में उनके परिणामों पर चर्चा, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा, विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी, शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी जिले व राज्य स्तर से संचालित विभिन्न आवासीय विद्यालयों जैसे- जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, सैनिक स्कूलों में प्रवेश संबंधी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में चर्चा किया गया। अभिभावकों से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन के संबंध में तथा आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने पर भी चर्चा किया गया। कलेक्टर के निर्देषानुसार जिले के विद्यार्थियों के सतत् विकास के लिये उनके अभिभावकों से बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देष्य से प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को अवकाष की स्थिति में अगले कार्य दिवस पर षिक्षक-पालक बैठक कराया जाना है ताकि बच्चों में आ रही शैक्षणिक कमियों को समय रहते पूर्ण कर उन्हें न्यूनतम अधिगम तक पहुंचाया जा सके।

## लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की मासिक बैठक आयोजित






-संवाददाता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सुरजपुर/छत्तीसगढ़ी लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 79 का तहसील स्तरीय मासिक बैठक विकासखंड ओड़गी के जनपद सभा मे आयोजित किया गया। बैठक में लिपिको के समस्याओं को सुना गया और संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा किया गया सभी लिपिक साथी एक स्वर में संगठन के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए नारे लगाए एवं संगठन को मजबूत करने के लिए एक स्वर में सहमति प्रदान किया जिला अध्यक्ष श्री हलेश्वर प्रसाद गुप्ता जी द्वारा सभी लिपिकों को 79 के संगठन में एक जूठ रहने एवं एक दूसरे साथियो का सहयोग करते हुए दायित्व को निर्वाहन करने के लिए सुझाव दिया गया इस पर सभी लिपिक साथियो ने एक साथ करतल ध्वनि से प्रस्ताव का स्वागत किया गया एवं लिपिक एकता जिन्दा बाद के नारे लगाए कार्यक्रम के अंत में ओड़गी विकासखंड अंतर्गत कार्यरत सेवा सेवानिवृत हुए लिपिक साथियों को साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में श्री हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष श्री सुशील कुमार टोप्पो प्रदेश महामंत्री श्री राम सुमेर मिश्रा प्रांतीय सचिव श्री एस के पंकज तहसील संरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह तहसील अध्यक्ष श्री डी एन राम श्री प्रीतम खलखो श्री राम प्रसाद यादव श्री अशोक कुमार श्री रमेश द्विवेदी श्री राहुल प्रताप सिंह श्री उमेश्वर सिंह श्रीमती हुलेश्वरी श्रीमती सीलमंती एक्का श्रीमती सावित्री सिंह श्री विनय कुमार श्री अनिल कुमार टोप्पो श्री राकेश चौबे श्री राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा श्री सुरेंद्र सिंह मोहम्मद नजीर खान श्री वी के यादव अजय सिंह एवं अन्य लिपिक साथी भारी संख्या में उपस्थित थे।




## नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

-संवाददाता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास ने नगर पालिका, नगर पंचायत आम निर्वाचन 2024 के लिए फोटो युक्त निर्वाचक नामावली निर्धारित कार्यक्रम अनुसार तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किया है। नगर पालिका परिषद सूरजपुर (वार्ड क्र. 01 से 18 तक) व नगर पंचायत विश्रामपुर (वार्ड क्र. 01 से 15 तक) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद सूरजपुर (वार्ड क्र. 01 से 09 तक) के लिए तहसीलदार सूरजपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पालिका परिषद सूरजपुर (वार्ड क्र. 10 से 18 तक) के लिए नायब तहसीलदार सूरजपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पंचायत विश्रामपुर (वार्ड क्र. 1 से 15 तक) नायब तहसीलदार पिलखा को नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत प्रतापपुर (वार्ड क्र. 01 से 15 तक), नगर पंचायत जरही (वार्ड क्र. 01 से 15 तक) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पंचायत प्रतापपुर (वार्ड क्र. 01 से 08 तक) के लिए तहसीलदार प्रतापपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत प्रतापपुर (वार्ड क्र. 09 से 15 तक) के लिए नायब तहसीलदार प्रतापपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत जरही (वार्ड क्र. 01 से 15 तक) के लिए नायब तहसीलदार जरही को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत भटगांव (वार्ड क्र. 01 से 15) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भटगांव को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार भटगांव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## रामानुजनगर के सभी विद्यालयों में पालक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

-संवाददाता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



विकासखंड रामानुजनगर के सभी विद्यालयों में आज पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक पालक समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानपाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वही माध्यमिक शाला पतरापाली में भी शिक्षक पालक का आयोजन किया गया। जिसमे पालक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक जी डी सिंह के द्वारा सभी पालक/अभिभावको से निवेदन की गई है कि बैठको में ज्यादा से ज्यादा पालक उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें, प्रति महीने के दूसरे मंगलवार को बैठक आयोजित की जाएगी। शिक्षक योगेश साहू ने पालको को कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे, जो बच्चे विद्यालय नही जा रहे उनके कारणों को जानना, गृहकार्य पूर्ण कराने बच्चों पर ध्यान दें, जिन बच्चों का विद्यार्थी कोना नही बन पाया है उसे पूर्ण कराये जिससे उसे अध्ययन करने में दिक्कत न हो, बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु हमारे और आपके मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हो, हम सभी को सँयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना है। जाति, निवास, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृति इत्यादि पर चर्चा की गयी। प्रधानपाठक बी आर हितकर ने कहा कि इस पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में बच्चों एवं विद्यालय की सम्पूर्ण गतिविधि के संबंध में जागरूकता लाना है ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जा सके। कार्यक्रम में शिक्षक, पालक उपस्थित थे।

## पंडो जनजाति के लिए विशेष शिविर का किया जा रहा आयोजन

-संवाददाता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जिला प्रशासन द्वारा पंडो जनजाति को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत भवनों में निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप 18 दिसम्बर 2024 तक युद्धस्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिले में निवासरत सभी पण्डों जनजाति निवासरत ग्रामों का सर्वे कराया गया है। सर्वे अनुसार परिवार व सदस्य-वार जानकारी संबंधित विभागों की आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो परिवारों को मूलभूत योजनाओं से शत-प्रतिशत संतृप्ति किए जाने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन कर लाभान्वित करने हेतु रोस्टर अनुसार शिविर स्थल एवं तिथि निर्धारण कर किया गया है। इसके लिये कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा सर्व संबन्धित विभाग के जिला अधिकारी को शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न दायित्व सौंपें गये हैं। जिसके तहत उन्हें निर्धारित तिथियों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए सर्वे की व्यक्तिवार अद्यतन जानकारी परियोजना प्रशासक व एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना सूरजपुर को उपलब्ध कराना है और शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग प्रदान करना है। विशेष शिविर के आयोजन हेतु संबन्धित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी एवं मण्डल संयोजक आदिवासी विकास सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गये हैं। नोडल अधिकारी रोस्टर अनुसार ग्रामों में विशेष शिविर का आयोजन पश्चात प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना सूरजपुर को उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे।

## जिला जेल में मरीजों का किया गया निःशुल्क उपचार

-संवाददाता -
सूरजपुर, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।




संचालक आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार जिला जेल में प्रति माह दो दिवस कैदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है जिसके परिपालन में आज जिला जेल सूरजपुर में आयुष विभाग द्वारा 62 मरीजों का आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक पद्धति के द्वारा निःशुल्क उपचार वा दवा वितरण किया गया, जिसमें शुगर रोग, बीपी रोग, चर्म रोग उदार रोग ,वात रोग, पाइल्स इत्यादि जटिल बीमारियों का उपचार एवं सलाह दिया गया जिसमें डॉक्टर कुलदीप द्विवेदी, डॉक्टर दिवाकर सिंह, डॉक्टर अनीता पैकरा पर भूषण निषाद एवं जय एवं जेल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय प्रताप सिंह एवं जेल के स्टाफ जेल के स्टाफ उसका सक्रिय योगदान रहा।

# अभाविप कोरिया के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन से जताई नाराजगी कहा फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा





-संवाददाता-

**कोरिया, 18 सितम्बर 2024(घटती-घटना)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला कोरिया की इकाई सोनहत के कार्यकर्ताओं ने आज महाविद्यालय प्रशासन होश में आओ के नारों के साथ नवीन महाविद्यालय सोनहत में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अतिथि व्याख्याता शिक्षक भर्ती नियम 2024 का उल्लंघन करते हुए एक ऐसी शिक्षिका की नियुक्ति को लेकर किया गया, जो अन्य महाविद्यालयों में अपात्र घोषित हो चुकी हैं। प्रदर्शन के दौरान अभाविप ने आरोप लगाया कि सैयद जेबा बख्तियार नाम की शिक्षिका को महाविद्यालय के प्राचार्य ने मनमानी तरीके से और पैसे की साठगांठ करके नियुक्त किया है। जेबा बख्तियार, जिन्हें अन्य महाविद्यालयों में अपात्र माना गया था, की नियुक्ति को लेकर विद्यार्थी परिषद ने गहरी नाराजगी जताई और इसे शिक्षा के व्यापारीकरण की ओर संकेत बताया।

### अभाविप का आरोप, जेबा बख्तियार का एमफिल प्रमाण-पत्र फर्जी

अभाविप ने यह भी आरोप लगाया कि जेबा बख्तियार जी का एमफिल प्रमाणपत्र फर्जी है, क्योंकि उन्होंने एक ही सत्र में एमफिल किया और साथ ही सूरजपुर महाविद्यालय में पढ़ाया भी, जो नियमों के खिलाफ है। उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया अनुभव प्रमाणपत्र और एमफिल डिग्री दोनों ही संदिग्ध हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने इन तथ्यों की अनदेखी कर उन्हें नियुक्त किया, जिससे प्राचार्य और बख्तियार मैडम के बीच साठगांठ का संदेह उत्पन्न होता है। अभाविप ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि इस मुद्दे पर उचित और त्वरित कार्यवाही नहीं की गई, तो संगठन जिले भर में व्यापक प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### विरोध प्रदर्शन ये रहे उपस्थित

विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में अभाविप कोरिया विभाग संयोजक अंकुर पटेल, जिला संयोजक केशव राजवाड़े, सोनहत नगर मंत्री बलबीर पूषाम, पूर्व जिला सह संयोजक आकाश सिंह, नगर सह मंत्री विशाल यादव, सह ऋषभ मंत्री राजवाड़े, सह मंत्री विकास राजवाड़े,संजीव राजवाड़े, नीरज राजवाड़े, रमेश चक्रधारी,अनिल साहू, संजय कुमार और सोनू सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# कटघोरा वनमंडल मे हाथियों ने जमाया डेरा



-संवाददाता -
**कोरबा, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

कटघोरा वनमंडल में एक बार फिर से हाथियों की वापसी हुई है। बड़काबहरा गांव के पास जंगल में 48 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिससे वन विभाग और ग्रामीण है परेशान। हाथियों का पूरा कुनबा जंगल और खेत में देखा गया है,जिसमें नर, मादा और बेबी एलिफेंट शामिल हैं। ग्रामीण चिंतित हैं और वन विभाग लोगों को सचेत करने में जुटा है। वन विभाग का दल मौके पर पहुंच गया है और हाथियों की निगरानी कर रहा है। आसपास के गांवों में मुनादी कर लोगों को हाथियों के नजदीक नहीं जाने की भी सलाह दी जा रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के प्रयास नाकाफी हैं जिसके चलते हाथियों ने कई किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण हाथियों के पास जाकर फोटो और वीडियो बना रहे हैं, जिससे खतरा बढ़ रहा है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथियों से दूरी बनाए रखें और उनके नजदीक न जाएं।

# बालको मेडिकल सेंटर द्वारा आयोजित किया जाएगा द्वितीय बीएमसी छत्तीसगढ़ वार्षिक कैंसर कॉन्क्लेव-2024

-संवाददाता -
**कोरबा, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**




मध्य भारत में ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने वार्षिक बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा। इस वर्ष की थीम ÷चूजिंग वाइजली-2024 ङ्क कॉमन सेंस ऑन्कोलॉजी फॉर आउटकम्स दैट मैटर÷ के तहत बीएमसी का उद्देश्य विशेष रूप से मध्य भारत में कैंसर देखभाल की पहुंच और गुणवत्तापूर्ण इलाज का समाधान करना है। यह सम्मेलन भारत में ईकैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई और नेशनल कैंसर ग्रिड के सहयोग से आयोजित होने वाली चूजिंग वाइजली बैठक के पांचवें वर्ष के अवसर पर किया जा रहा है। बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का उद्घाटन एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष की थीम कैंसर देखभाल के लिए रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है जो एवीडेंस, सस्टेनबिलिटी और फाइनेंशियल वायबिलिटी को प्राथमिकता देती है। बैठक का साइंटिफिक एजेंडा अनुसंधान प्राथमिकताओं को बेहतर तरीके से निर्धारित करने, भारत में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी), पेशेंट एडवोकेसी, एवीडेंस जनरेशन, इंटरप्रिटेशन और कम्युनिकेशन जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित होगा। वैश्विक और क्षेत्रीय विशेषज्ञों को एक साथ लाकर हमारा उद्देश्य गुणवत्ता को बढ़ावा देना और सूचित क्लिनिकल निर्णय लेना है जो वास्तव में रोगियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। 20 सितंबर को नया रायपुर में आयोजित सम्मेलन के दौरान बालको मेडिकल सेंटर में पैनक्रिएटिक एंड गैस्ट्रिक कैंसर पर एक लाइव सर्जिकल प्रदर्शन आयोजित की जाएगी। पहली बार इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी नर्सिंग कॉन्क्लेव के साथ कार्यशाला के विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ई-कैंसर ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का उद्देश्य कैंसर शिक्षा में परिवर्तन, चिकित्सकों, नर्सों, शोधकर्ताओं और रोगी के समर्थन के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान एवं कौशल वृद्धि को बढ़ावा देना है।

# विकसित भारत:प्रधानमंत्री श्री मोदी की संकल्पना थीम पर छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 18 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**




नगरीय क्षेत्र कोरबा के राजीव गांधी इनडोर ऑडिटोरियम में आज विकसित भारत = प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना, थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ देश के सर्वांगिण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को सुंदर छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी का विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं बे ी संख्या में आमजनों ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन वृतांत को सुंदर रूप से दर्शाया गया है। जिससे प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को उनके जीवन की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही आमजनों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त होगी एवं वे योजनाओं से जु कर लाभ ले सकेंगे। कलेक्टर श्री वसंत ने भी केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, कार्यक्रम तथा विकास के परिदृश्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी को सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में लगे छायाचित्रों के अवलोकन से आमजनों को जीवन में आगे बे ने का प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदर्शनी में साफ नियम सही विकास, ड्रीम बिग सोलर पॉवर, किसान समृद्धि, अभूतपूर्व विकास, अनुपम परिणाम, नारी शक्ति से देश की तरक्की, जनजातिय सशक्तिकरण एक नए युग का आरंभ, दिव्यांग जनों के सच्चे साथ, सदैव जनता के साथ, श्री राम मंदिर सदियों का संघर्ष, संस्कृति का उत्कर्ष, बापू का सपना किया साकार, स्वच्छ भारत ने लिया आकार, अंतरिक्ष शक्ति सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक प्रदर्शित की गई। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी में आए आमजनों को फोटो प्रदर्शनी के संबंध में पूरी जानकारी दी गई एवं शासकीय योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका का आमजनों को वितरण भी किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रदर्शनी में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के जीवन की घटनाओं को नजदीक से जाना। साथ ही उनके द्वारा देश के सभी क्षेत्रों में विकास हेतु किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की भी जानकारी प्राप्त हुई। जिससे उन्हें अपने जीवन में कर्तव्यपथ पर अडिग रहकर निरंतर चलने की प्रेरणा मिली।


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी कोरबा वनमंडल कोरबा छत्तीसगढ़

का:07759-221273,नि:07759-222504,फैक्स : 07759-223531Email:dfo_korba@yahoo.co.in

क्रमांक/राजस्व/77 कोरबा,दिनांक 13.09.2024

// नीलाम//

कार्यालयीन आदेश क्रं./राज/1544 दिनांक 11.09.2024 द्वारा प्रकाशन हेतु प्रेषित नीलाम सूचना को निरस्त करते हुए सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार जलाऊ लकड़ी का नीलाम दिनांक 20.09.2024 को प्रातः 10:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जायेगा।

**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपो का नाम | प्रजाति | पुराना वनोपज | नया वनोपज | योग |
|---|---|---|---|---|
| जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 693 चट्टा | 57 चट्टा | 750 चट्टा |
| | सागौन जलाऊ | 47 चट्टा | - | 47 चट्टा |
| | नीलगिरी जलाऊ | 21 चट्टा | - | 21 चट्टा |
| | **योग** | **761 चट्टा** | **57 चट्टा** | **818 चट्टा** |
| निस्तार डिपो करतला | सतकठा जलाऊ | - | 55 चट्टा | 55 चट्टा |
| निस्तार डिपो कुदमुरा | सतकठा जलाऊ | - | 23 चट्टा | 23 चट्टा |
| अस्थाई डिपो नोनबिर्रा | सतकठा जलाऊ | - | 500 चट्टा | 500 चट्टा |
| | कुल योग | **761 चट्टा** | **635 चट्टा** | **1396 चट्टा** |

टीप:-
01. नीलाम में रखी जाने वाली वनोपज का कार्यालयीन दिवस में जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा से अवलोकन की जा सकती है।
02. नीलाम की शर्तें एवं वनोपज का विस्तृत विवरण मटेरियल सूची कार्यालय दिवस में वनमंडल कार्यालय एवं परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा(उत्पादन) से प्राप्त किया जा सकता है।
03. नीलाम बोली का मान्य 25 प्रतिशत ई.एम.डी. मल्टीसिटी चेक/बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक का ही स्वीकार किया जावेगा अन्य बैंकों का नहीं।
04. वनोपज की उक्त सूचित मात्रा में बढ़त/घटत संभावित है।
05. कार्य आदेश प्राप्त करते समय पेनकार्ड/टीन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा किया जाना आवश्यक है।

जी. नंबर-24250561/2

वनमण्डलाधिकारी
कोरबा वनमंडल कोरबा



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक औतार सिंह आ0 अमर सिंह जाति सिक्ख निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम देवगढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 498 रकबा 0.214 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेन्ट, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रीना शुक्ला पत्नी राकेश शुक्ला जाति ब्राहम्ण निवासी भट्टापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम जगदीशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 37/7 रकबा 0.028 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, पंचायत प्रस्ताव,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोषी सिंह पत्नी अजय कुमार सिंह जाति क्षत्रिय निवासी प्रतापपुर नाका अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सकालो तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 197/9 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की सेटलमेन्ट, रि-नम्बरिंग सूची, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपिका अग्रवाल पत्नी विजय अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 2540/6 रकबा 0.019 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की नक्शा, भूमि की उपयोगिता प्रमाण पत्र रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रीता एक्का पत्नी क्रिसफल एक्का जाति उरांव निवासी झरिया अरगोती तहसील लखनपुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 739/8 रकबा 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक औतार सिंह आ0 अमर सिंह जाति सिक्ख निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम देवगढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 500 रकबा 0.360 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेन्ट, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगनी साहू पिता प्रेम कुमार साहू जाति तेली निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 214/6 रकबा 0.022 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक औतार सिंह आ0 अमर सिंह जाति सिक्ख निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम देवगढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 499/1 रकबा 0.252 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

# बांग्लादेश के स्पिन अटैक से कैसे निपटेगी टीम इंडिया

## प्लेइंग-11 पर बड़ा अपडेट

हेड कोच ने चेन्नई टेस्ट की प्लेइंग इलेवन को लेकर भी बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि टीम में सिर्फ 11 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि केएल राहुल और ऋषभ पंत मिडिल ऑर्डर में टीम को मजबूती देते नजर आएंगे। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि भारत तीन स्पिनर्स अश्विन, जडेजा और कुलदीप के साथ उतर सकता है।




### » एक दिन पहले ही हो गया खुलासा

**चेन्नई, 18 सितंबर 2024।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज का आगाज होना है। बांग्लादेश की टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसी के घर में टेस्ट सीरीज में 2-0 से मात दी। ऐसे में टीम इंडिया मेहमान बांग्लादेश को हल्के में लेने की गलती नहीं करना चाहेगी। पहले टेस्ट मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी कहा कि वह बांग्लादेश का सम्मान करते हैं लेकिन उनकी वैसे ही खेल खेलेगी जैसा कि एक चैंपियन टीम खेलती है। हेड कोच ने भारतीय गेंदबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि एक समय था जब भारतीय टीम में बल्लेबाजी को ज्यादा तवज्जो दी जाती थी लेकिन अब जसप्रीत बुमराह, आर अश्विन, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ने इसे गेंदबाजों के गेम में बदल दिया हैं। उन्होंने बुमराह की तारीफ में भी बड़ी बात कही और उन्हें मैच विनर बॉलर करार दिया। उन्होंने कहा कि बुमराह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं, जो गेम में किसी भी समय बड़ा अंतर पैदा कर सकता है।

### स्पिन से ऐसे निपटेगी टीम इंडिया

पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में भारतीय बल्लेबाज स्पिन के खिलाफ जूझते नजर आए थे। बांग्लादेश के स्पिन अटैक के खिलाफ टीम इंडिया की रणनीति के बारें में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वनडे और टेस्ट में बहुत अंतर होता है। टीम इंडिया की बल्लेबाजी यूनिट में इतनी क्वालिटी है कि वह किसी भी स्पिन अटैक का सामना कर सकती है। उन्होंने आईपीएल बढ़ते प्रभाव के बीच कहा कि बहुत से लोग कहते हैं कि खिलाड़ी सिर्फ आईपीएल खेलना चाहते हैं लेकिन यह सच नहीं है। ड्रेसिंग रूम में जो भी है, वह देश के लिए खेलना चाहता है।

## पहले आईसीसी रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग




### फिर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड; सिर्फ 7 टेस्ट मैचों में कैसे किया ये कमाल

**गाले, 18 सितंबर 2024।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज हो चुका है। गाले में 18 सितंबर से पहला टेस्ट मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की पारी का आगाज कुछ खास नहीं रहा। टीम ने 106 रन के भीतर 3 बड़े विकेट खो दिए। इसके बाद कामिंदु मेंडिस शानदार अर्धशतक जड़ते हुए इतिहास रच दिया। कामिंदु ने 73 गेंदों में 6 चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया और वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर डाली।

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### हमारा लक्ष्य टी 20 टीम की प्लेइंग-11 को स्टेबल करना है...

**नई दिल्ली, 18 सितंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि उनकी टीम प्रयोग करने के बजाय न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपने प्लेइंग-11 को स्टेबल करने का लक्ष्य रखेगी। यह सीरीज गुरुवार से मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में शुरू होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की तैयारी शुरू हो गई है। यह टूर्नामेंट 3-20 अक्टूबर तक यूएई में होगा। मार्च में बांग्लादेश दौरे के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होगी।

### वनडे फॉर्मेट में अपना 100 वां मैच खेलेंगे एडम जम्पा




**नई दिल्ली, 18 सितंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया की आगामी वनडे सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा। इस मुकाबले में एडम जम्पा इस फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे। इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब पहुंचने पर जम्पा ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने देश के लिए वनडे में इतने मैच खेल पाएंगे। वे 100 वनडे खेलने वाले 32वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। साथ ही शेन वॉर्न और ब्रैड हॉग के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे सिर्फ तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर बन जाएंगे। इस खास मौके पर उनकी पत्नी हेरिएट, बेटा यूजीन और माता-पिता डैरेन और एलिसन ट्रेंट ब्रिज में मौजूद रहेंगे।

## महिला टी 20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान

**ढाका, 18 सितंबर 2024।** बांग्लादेश ने महिला टी-20 विश्व कप 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज निगार सुल्ताना जोटी की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में खेला जाएगा। विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम में जुलाई में महिला एशिया कप के लिए उतारी गई टीम से कुछ बदलाव किए गए हैं।लेग स्पिनर फहीमा खातून और बल्लेबाज सोभना मोस्टरी की वापसी बांग्लादेश की टीम में हुई है, जबकि शीर्ष क्रम की अनकैप्ड बल्लेबाज ताज नेहर, सलामी बल्लेबाज साथी रानी और ऑलराउंडर दिशा बिस्वास को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।




बांग्लादेश की टीम में ऑलराउंडर रूमाना अहमद, बाएं हाथ की बल्लेबाज रुबिया हैदर झेलिक, ऑलराउंडर शोरीफा खातून, ओपनर इश्मा तनजीम और बाएं हाथ की स्पिनर सबिकुन नाहर जेसमीन को शामिल नहीं किया गया है।

बांग्लादेश की कुछ खिलाड़ी, जिनमें निगार, फहीमा, राबेया खान, शोरना अख्तर, दिलारा अख्तर, जहांआरा आलम और मारुफा अख्तर शामिल हैं, ए' टीम के दौरे के तहत श्रीलंका में हैं।

आईसीसी ने 20 अगस्त को एशियाई देश में राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चिंताओं के कारण महिला टी20 विश्व कप को बांग्लादेश से यूएई में शिफ्ट कर दिया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड टूर्नामेंट का मेजबान बना रहेगा जबकि यूएई टूर्नामेंट का होस्ट है।

बांग्लादेश को टूर्नामेंट के 9वें संस्करण के लिए 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरू करेंगे। फिर, 5 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्रमशः 17 और 18 अक्टूबर को दुबई और शारजाह में होने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, जिसके बाद 20 अक्टूबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में फाइनल होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन रखा गया है।

बांग्लादेश टीमः निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, शोर्ना अख्तर, ऋतु मोनी, शोभना मोस्तरी, राबेया खान, सुल्ताना खातून, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, जहांआरा आलम, दिलारा अख्तर, ताज नेहर, शाति रानी और दिशा बिस्वास।



## मीराबाई चानू का काम अभी अधूरा है : कोच

**नई दिल्ली, 18 सितंबर 2024।** भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर (भारोत्तोलन) मीराबाई चानू के कोच विजय शर्मा का मानना है कि इस खिलाड़ी में बहुत कुछ बाकी है और उनका काम अभी अधूरा है।टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता, पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहीं और महिलाओं की 49 किग्रा श्रेणी में बहुत कम अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं। मोदीनगर में अस्मिता महिला भारोत्तोलन लीग के दौरान बात करते हुए 2014 से मारीबाई के साथ जुड़े हुए कोच विजय शर्मा ने कहा, पेरिस के बाद, हम दोनों ने भविष्य पर चर्चा की और फैसला किया कि मीराबाई को प्रतिस्पर्धा में बने रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, मैं 2014 से मीराबाई के साथ काम कर रहा हूं और वह बहुत बेहतरीन एथलीट हैं। मीराबाई पेरिस में चौथे स्थान पर रहीं और हम दोनों को लगता है कि अभी और काम करना बाकी है। पेरिस में कड़ी प्रतिस्पर्धा में मीराबाई को थाईलैंड की सुरोदचना खंबाओ के खिलाफ कांस्य पदक मैच हारना पड़ा। खंबाओ ने कुल 200 किलोग्राम (88 स्नैच + 112 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) उठाया, जबकि मीराबाई ने 199 (88 + 111) किलोग्राम उठाया। चीन की होउ झिहुई (206 किलोग्राम) ने टोक्यो ओलंपिक का अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा, जबकि रोमानिया की मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मिहेला कैम्बेई (205 किलोग्राम) ने रजत पदक जीता। मीराबाई ने कहा था, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और चोट से वापस आने के बाद जो मैंने किया, उससे खुश हूं।इस एथलीट ने यह भी बताया था कि वो मुकाबले के दौरान थोड़ी कमजोर पड़ गई क्योंकि उसी समय उनके पीरियड्स आ गए थे। इस बात का जिक्र करते हुए शर्मा ने कहा, महिला खिलाडियों के खेल में यह एक हिस्सा है।

## एक हजारी क्लब में शामिल होंगे विराट कोहली

**नई दिल्ली, 18 सितंबर 2024।** मेजबान टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज को पहले मैच का आगाज 19 सितंबर से चेन्नई में होगा। इस मैच के जरिए विराट कोहली लंबे समय बाद टेस्ट फॉर्मेट में खेलते नजर आएंगे। पहले टेस्ट में विराट कोहली के निशाने पर वैसे तो कई बड़े रिकॉर्ड होंगे लेकिन एक मुकाम ऐसा है जिसको वह पहली ही पारी में हासिल कर सकते हैं। ये रिकॉर्ड शतक या अर्धशतक से जुड़ा नहीं है बल्कि बाउंड्री से जुड़ा है। विराट कोहली पहले टेस्ट में अगर 9 चौके जड़ देते हैं तो वह एक हजारी क्लब में शामिल हो जाएंगे। इससे पहले ये कारनामा भारत की ओर से सिर्फ 5 बल्लेबाज ही कर पाए थे। इनमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंदर सहवाग, वीवीएस लक्ष्मण और सुनील गावस्कर शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में विराट कोहली 9 चौके जड़ते ही टेस्ट क्रिकेट में एक हजार चौके पूरे कर लेंगे। ऐसा करने वाले वह छठे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।



## कांटों भरा ताज क्या संभाल पाएंगे हेड कोच रिकी पोंटिंग?

**मेलबर्न, 18 सितंबर 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18वां सीजन साल 2025 में खेला जाएगा, जिसकी तैयारियां अभी से सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने शुरू कर दी है। इसी कड़ी में आईपीएल 2024 में लीग स्टेज के मुकाबलों के बाद प्वाइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर खत्म करने वाली पंजाब किंग्स ने अपने कोचिंग सेटअप में बदलाव का फैसला लिया है। फ्रेंचाइजी ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को अपनी टीम का नया हेड कोच आगामी सीजन के लिए नियुक्त किया जो ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। वहीं इससे पहले रिकी पोंटिंग पिछले 7 सालों से दिल्ली कैपिटल्स टीम के लिए हेड कोच की जिम्मेदारी को निभा रहे थे जिसको उन्होंने 2 महीने पहले ही खत्म किया था। पोंटिंग के लिए पंजाब किंग्स का हेड कोच बनने का फैसला लेना किसी कांटों भरे ताज को पहनने से कम नहीं है क्योंकि आईपीएल का पहले सीजन से लेकर अब तक हिस्सा रहने वाली पंजाब किंग्स एक भी बार इस ट्रॉफी को अपने नाम करने में कामयाब नहीं हो सकी।



## अमिताभ बच्चन की आईसीयू में हालत देख रो पड़ी थीं इंदिरा गांधी

दर्द में एक्टर ने कहा था-आंटी मुझे नींद नहीं आ रही

अमिताभ बच्चन का 1980 के दशक में एक एक्सीडेंट हुआ था। फिल्म कूली के सेट पर वह बुरी तरह जख्मी हो गए थे। जिसके बाद वह कई दिन तक ढ्ढ्ष्ट में भर्ती थे। पूरा देश उनके ठीक होने की कामना कर रहा था। एक्टर 2 अगस्त, 1982 में वह घर लौटे थे। इसके 7 साल बाद 1989 में उनके ससुर तरुण कुमार भादुड़ी ने इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया के लिए लिखे गए एक आर्टिकल में बताया था, कि उनके दामाद के साथ जो दुर्घटना हुई थी, वो आसमान से बिजली गिरने जैसी थी।





जया बच्चन के पिता जो कि पत्रकार भी थे, उन्होंने बताया था, जब हम बॉम्बे पहुंचे, तो अरोड़ा सहित कई दोस्त थे, जिन्हें हम जानते थे और कुछ ऐसे भी थे जिन्हें हम नहीं जानते थे। लेकिन उन सभी ने कहा, जाति, पंथ और धर्म से परे पूरा देश उसके लिए प्रार्थना कर रहा है। उसे कुछ नहीं होगा। उस रात मैं इस विश्वास के साथ चैन की नींद सोया कि अगर प्रार्थनाओं का कोई मतलब होता, तो अमित बच जाएगा।

हालांकि अमिताभ बच्चन के ससुर नास्तिक थे। ऐसे में वह इस बात से ज्यादा सहमत नहीं थे कि लोगों की दुआओं का असर होगा। एक्टर आईसीयू में एकदम क्रिटिकल कंडीशन में थे। जिन्हें देखने इंदिरा गांधी भी पहुंची थीं। आर्टिकल में वह बताते हैं, अगली सुबह, जया मुझे और मेरी पत्नी को ब्रीच कैंडी अस्पताल के आईसीयू में ले गईं। वहां अमित एक बिस्तर पर लेटा हुआ था, जिसके शरीर में कई नलियां लगी हुई थीं, गाल खोखले और रूखे थे, आंखें धंसी हुई थीं। मेरी पत्नी, उसे देखते ही बेहोश हो गई।अमिताभ बच्चन ने जया के पिता से फुसफुसाते हुए कहा, हैलो बाबा, मुझे सो नहीं पा रहा। तो मैंने कहा, चिंता मत करो, नींद आएगी। यह अच्छी तरह से जानते हुए कि यह बेकार की सांत्वना थी। दो दिन बाद, श्रीमती गांधी और राजीव गांधी भी बारी-बारी से आए। श्रीमती गांधी से, अमित ने फिर कहा, आंटी, मुझे नींद नहीं आ रही है। श्रीमती गांधी टूट गईं और रो पड़ीं, नहीं, मेरा बेटा। तुम सो जाओगे। मुझे भी कभी-कभी नींद नहीं आती, इसमें कोई बात नहीं?

अमिताभ बच्चन को कई हफ्तों तक तकलीफ रही और जब उनको अस्पताल से छुट्टी मिली, तो उन्होंने अपने फैंस को धन्यवाद दिया। अमिताभ ने दूरदर्शन को इंटरव्यू में कहा था, मैं सबसे ज्यादा आप सभी लोगों का आभारी हूं, जिन्होंने मेरे लिए, मेरे जीवन के लिए प्रार्थना की है। चाहे वह मंदिर हो, मस्जिद हो या चर्च। मैं आपमें से बहुतों को नहीं जानता, फिर भी आपने मेरे लिए प्रार्थना की और मैं इसके लिए आपका आभारी हूं। अब मैं कम से कम इतना तो कर ही सकता हूं कि आपकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं। मैं कोशिश करूंगा, मैं बहुत कोशिश करूंगा। शुक्रिया।

## 3 साल से अच्छे काम के इंतजार में है एक्ट्रेस

### फूटा दर्द,बोलीं-इंडस्ट्री में केवल ए ग्रेड एक्टर की मांग



टीवी और ओटीटी पर संघर्ष करने के बाद फिल्मों में काम कर चुकी एक्ट्रेस अहाना कुमरा को अब 3 साल से काम नहीं मिला है. अहाना कुमरा ने खुद इसकी जानकारी दी है। अहाना कुमरा ने बताया कि वे 3 साल से अच्छे किरदारों का इंतजार कर रही हैं लेकिन अभी तक उन्हें कोई अच्छा रोल नहीं मिला है। इसी के चलते परेशान होकर अहाना कुमरा ने फिल्म मेकिंग पर फोकस शुरू कर दिया है। हाल ही में दिए इंटरव्यू में अहाना ने बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स के पास ही अच्छा काम आता है।

### केवल ए ग्रेट एक्टर्स को मिलता है लगातार काम

2 साल पहले 2022 में आई मधुर भंडारकर की फिल्म लॉकडाउन में नजर आने वाली एक्ट्रेस अहाना कुमरा ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बॉलीवुड के कई खुलासे किए हैं। अहाना कुमरा ने बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम मिलता है। अहाना ने बताया,मैं बीते 3 साल से काम के इंतजार में हूं। लेकिन अभी तक मेरे पास कोई काम नहीं आया है। कोई भी किसी तरह का काम मुझे ऑफर नहीं कर रहा है। मैं ओटीटी पर खूब काम किया करती थी। लेकिन लंबे समय से मेरे पास कोई काम नहीं है। लेकिन ये सब चलता रहता है। बॉलीवुड में लोग केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम देते हैं। या तो फिल्म मेकर्स किसी बड़े स्टार के पास जाता है या फिर बिल्कुल ही कम पैसे वाले एक्टर्स को कास्ट कर लेता है। मैं कुछ और काम करने का भी सोच रही हूं क्योंकि मुझे भी अपना घर चलाना है।

### गुड एक्टर का टैग भी नहीं आया काम

अहाना कुमरा ने साल 2009 में अपने करियर की शुरुआत की थी। टीवी सीरियल बॉलीवुड हीरो में नजर आने के बाद अहाना कुमरा ने कई शानदार प्रोजेक्ट्स में काम किया। इतना ही नहीं 2 दर्जन से ज्यादा टीवी सीरियल और ओटीटी सीरीज में दमदार किरदार निभाए हैं। अपने अब तक के करियर में अहाना कुमरा ने 39 से ज्यादा टीवी सीरियल, ओटीटी सीरीज और फिल्मों में काम कर लिया है। अहाना बताती है, मुझे भी लोगों ने गुड एक्टर का टैग दिया। मैंने इसके लिए खूब मेहनत की और लोगों ने मेरे टैलेंट को पहचाना लेकिन ऐसा टैग किस काम का जो काम ही न दिला पाए। गुड एक्टर का टैग लगने के बाद भी गैरेंटी नहीं है कि काम मिलता ही रहेगा।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### साय कैबिनेट की बैठक 20 सितंबर को



**रायपुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार 20 सितंबर सुबह 11:30 बजे से नवा रायपुर में महानदी भवन स्थित मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक होगी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी विभाग सचिवों से कैबिनेट में मंजूरी योग्य प्रस्ताव समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह बैठक करीब एक माह बाद हो रही है, जिसमें राज्योत्सव आयोजन, धान खरीदी की शुरुआत, नई औद्योगिक नीति, और नक्सलवाद खत्म करने के लिए पुनर्वास नीति समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा-भगवान का त्योहार है डीजे तो बजेगा

**रायपुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में गणेश विसर्जन पर डीजे-धुमाल बजने पर असमंजस बना हुआ है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, ऐसा नहीं है




कि साउंड सिस्टम नहीं बजाना है। हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार नियंत्रित तरीके से साउंड सिस्टम बजा सकते हैं। हालांकि हाईकोर्ट का निर्देश कहता है कि, किसी भी वाहन में साउंड सिस्टम बांधा नहीं जा सकता है।

### 2 साल पहले हुए हत्याकांड में कोर्ट ने 12 आरोपियों को उम्रकैद की सुनाई सजा



**कोरबा, 18 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में 2 वर्ष पूर्व हुए हत्याकांड से जुड़े 12 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना कोतवाली थाना के अंतर्गत आने वाले सीतामढ़ी के कुंजनगर की है। 25 अगस्त 2022 की रात को हुए इस हत्याकांड में एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने एक युवक के घर में घुसकर उस पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया था।
इस हमले में गंभीर रूप से घायल कृष्ण यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसके छोटे भाई को गंभीर चोटें आई थीं। जिला न्यायालय ने हत्या में शामिल दो नाबालिग आरोपियों को रिहा कर दिया है, जबकि बाकी 12 आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी गई है. मामले की सुनवाई के दौरान बस्तीवासी बड़ी संख्या में न्यायालय परिसर में उपस्थित थे।

### सस्ती हुई सीमेंट,कंपनियों ने वापस लिए बढ़े दाम



**रायपुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** चौतरफा दबाव के बाद आखिरकार सीमेंट कंपनियों को बढ़े हुए दाम वापस लेने पड़े। छत्तीसगढ़ में कंपनियों ने शनिवार को सीमेंट की कीमत 45 रुपये घटाने की घोषणा की। अब रिटेल में सीमेंट 255 से 265 रुपये प्रति बैग बिक रही है।कंपनियों ने गत 3 सितंबर को सीमेंट की प्रति बोरी की कीमत 50 रुपये बढ़ाने की घोषणा की थी। इस प्रकार छह महीनों में यह चौथी बार हुआ है, जब बाजार के दबाव के चलते कंपनियों को दाम वापस लेने पड़े।

### लोहारीडीह हत्याकांड मामले के आरोपी की जेल में मौत




**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

**कवर्धा, 18 सितम्बर 2024(ए)।** कबीरधाम जिले के नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र जंगल रेंगाखार के ग्राम लोहारीडीह में हुए हत्याकांड आगजनी मामले के एक आरोपी की जिला जेल में मौत हो गई। संदिग्ध परिस्थिति में आरोपी प्रशांत साहू की मौत होने से हड़कंप मच गया है। प्रशांत साहू के परिजनों ने पुलिस पर बर्बरता के आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से ही उसकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को ही उसकी गिरफ्तारी हुई थी।

# नितिन गडकरी ने बैंबू टॉवर का किया लोकार्पण

» बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का निर्माण किया गया

» 140 फीट के इस नवनिर्मित टॉवर से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है




**रायपुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** विश्व बांस दिवस पर आज केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का ऑनलाइन लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का निर्माण किया गया है। करीब 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस टॉवर की ऊंचाई 140 फीट और वजन 7400 किलोग्राम है। पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाला यह टॉवर भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर और बांस प्रौद्योगिकी से जुड़े गणेश वर्मा ने बनाया है।
केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बांस-टॉवर का लोकार्पण करते हुए कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस पर लगातार अनुसंधान कर इसकी नई-नई खासियतों को सामने ला रहा है। अपनी नई सोच और पहल से उन्होंने 140 फीट ऊंचा यह टॉवर बनाया है। यह टॉवर वजन में हल्का है और इसका जीवन काल कम से कम 25 वर्षों का है। वॉच टॉवर, टेलीकॉम टॉवर, ट्रांसमिशन टॉवर और रेडियो टॉवर के रूप में इसका उपयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस के उपयोग और इससे निर्मित सामग्रियों की नई-नई डिजाइन और परिकल्पना पर लगातार काम कर रहा है। हम लोग उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनके इस कार्य के लिए मैं उन्हें बहुत बधाई देता हूं।
गडकरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यदि बांस के उपयोग के बारे में कोई नीति बनाती है और उसे प्रोत्साहित करती है, तो वहां के आदिवासियों का जीवन बदल जाएगा। छत्तीसगढ़ के हैंडलूम्स, हैंडीक्रॉफ्ट्स और मेटल-क्रॉफ्ट्स में नए डिजाइन बनेंगे तो उनकी अच्छी बिक्री होगी। मैं डॉ. रमन सिंह के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से अनुरोध करूंगा कि बांस से फर्नीचर और अन्य सामग्रियों के नए-नए डिजाइन उनकी उपयोगिता के आधार पर तैयार करने के लिए डिजाइन सेंटर बनेंगे तो राज्य में निर्यात करने लायक उत्पाद भी तैयार हो सकेंगे।
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 140 फीट के इस नवनिर्मित टॉवर से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है। दुनिया के सबसे ऊंचे 140 फीट के बांस के टॉवर को देखकर मैं गौरवान्वित हुआ हूं। इसके लिए मैं भव्य सृष्टि उद्योग से जुड़े सभी साथियों को बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ का यह नया स्टार्ट-अप धरती से जुड़ा है, किसान से जुड़ा है और हमारे वनवासियों से जुड़ा है। सांसद विजय बघेल तथा विधायकद्वय दीपेश साहू और ईश्वर साहू भी कठिया में बांस-टॉवर के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।
भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर गणेश वर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी के उत्पादों को नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स, सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, भारतीय रेलवे, भारतीय सड़क कांग्रेस और अन्य सरकारी संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इस पर्यावरण अनुकूल और अभिनव समाधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। मंत्रालय देश के 25 राज्यों में सैकड़ों किलोमीटर की लंबाई में बांस क्रैश बैरियर्स लगाने की परीक्षण परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार है, जिनका क्रियान्वयन अगले कुछ महीनों के भीतर किया जाएगा। इसके आधार पर बांस क्रैश बैरियर्स की व्यापक स्थापना की संभावनाओं का आंकलन किया जाएगा, जो किसानों, गांवों की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए वरदान साबित हो सकता है।

## आरएसएस के पदाधिकारियों ने ली साय सरकार के मंत्रियों की क्लास



» सत्ता और संगठन में तालमेल पर मंत्रणा

**रायपुर, 18 सितम्बर 2024 (ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आज साय सरकार के मंत्रियों की क्लास ली। इस बैठक में सत्ता, संगठन भाजपा को सत्ता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरएसएस अनुषांगिक संगठनों के बीच बेहतर तालमेल पर मंत्रणा हुई । यह बैठक पूरी तरह से गोपनीय रही.. इसमें आमंत्रित लोग ही शामिल हुए, वहीं बैठक से मीडिया क़ो दूर रखा गया। राजधानी के रोहणीपुरम सरस्वती शिक्षण संस्थान में आज सत्ता, संगठन और आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारियों का जमावड़ा रहा । राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश की मौजूदगी में हुई बैठक में सरकार के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री केदार कश्यप भी शामिल रहे ।
वहीं संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे । पांच घंटे चली यह बैठक इतनी गोपनीय रही कि किसी बाहरी व्यक्ति क़ो अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। वहीं मीडिया क़ो भी इस बैठक से दूर रखा गया । सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल के साथ काम करने की हीदायत दी गई है। साथ ही बैठक में धार्मिक मामलों से क़ानून व्यवस्था बिगड़ने पर राष्ट्रीय नेताओं ने नाराजगी जाहिर की। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके निर्देश दिए गए ।

# देवेंद्र यादव से जेल में मिले एमपी कांग्रेस अध्यक्ष

» जीतू पटवारी बोले- यह षड्यंत्र है,

» हम बीजेपी की तानाशाही के सामने नहीं झुकेंगे



**रायपुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एक दिनी दौरे में आज यानी 18 सितंबर को रायपुर पहुंचे। पटवारी बलौदाबाजार हिंसा केस में जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव से मुलाकात करने के लिए सेंट्रल जेल पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी सेंट्रल जेल में मौजूद हैं। बलौदाबाजार हिंसा मामले में करीब महीनेभर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव जेल में बंद हैं। इस दौरान उन्होंने बीजेपी व राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।
इस दौरान जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज़ को कुचलने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। देवेंद्र यादव के खिलाफ जो षड्यंत्र रचा गया है, वह सरकार की अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की एक कायराना कोशिश है। हम भाजपा की तानाशाही के सामने कभी नहीं झुकेंगे। पूरी कांग्रेस पार्टी देवेंद्र यादव जी के साथ खड़ी है। जीतू पटवारी ने देवेन्द्र यादव से मुलाकात के बाद प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर चर्चा की।
देवेन्द्र यादव से मिलने के बाद बाद जीतू पटवारी ने कहा कि पिछले साल 2023 में जिस भावना से जनता ने बीजेपी को चुना था, मैं मानता हूं कि उसकी एक भी भावना का सम्मान नहीं किया गया है। देवेंद्र यादव के मामले में सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है। वहीं, राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी को लेकर जीतू पटवारी ने कहा कि जिस तरह की भाषा का उपयोग हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ किया जा रहा है। कोई कहता है सर काट दूंगा, यह सब मोदी जी के इशारे पर हो रहा है।
पटवारी ने कहा कि कांग्रेस से बीजेपी को खतरा नहीं है। बीजेपी से बीजेपी को खतरा है। आप ही के अंदर इतनी अंतरकलह है कि आप एक दूसरे को हटाने चाहते हैं। वहीं, एक देश-एक चुनाव को लेकर जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा और उनकी विचारधारा कभी लोकतंत्र को नहीं अपनाती, इसका कारण यह है कि उनके अपने मातृ संस्थान में कभी चुनाव नहीं होते। वन नेशन, वन इलेक्शन पर हमारी पार्टी का जो भी बयान होगा, वही हमारा भी बयान होगा। मीडिया से चर्चा के दौरान पटवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तानाशाही, बदलापुर चल रही है, जिसकी वजह से देवेंद्र यादव जेल में हैं। कांग्रेस उस विचार की पार्टी है, जो गांधीवादी तरीके से लड़ती है। जीतू पटवारी के देवेन्द्र यादव से मुलाकात को लेकर सियासत तेज हो गई है। जीतू पटवारी के साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी साथ में थे। बता दें कि बलौदा बाजार हिंसा केस में पुलिस ने देवेन्द्र यादव को अगस्त महीने में गिरफ्तार किया था। वह एक महीने से जेल में बंद हैं।

**कांग्रेस नेता डॉ राकेश गुप्ता को मिली धमकी**

# तू बचके रहना...अब तेरी फोटो वायरल...

» एसएसपी से मिलकर सुरक्षा की मांग...

» डीजे बजने से मौत की खबर तो सुनी होगी, लेकिन इसी बीच अब डीजे बजाने वाले ने भी नेता को दे डाली धमकी...

-आदित्य गुप्ता-




**रायपुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** प्रसिद्ध चिकित्सक, समाजसेवी और कांग्रेस नेता डॉ राकेश गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया पर राकेश गुप्ता को लेकर चेतावनी जारी की गयी है, कि बचकर रहना अब...। दरअसल डॉ राकेश गुप्ता ने पिछले दिनों हाईकोर्ट की तरफ से डीजे धूमाल को लेकर पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किया था। डॉ गुप्ता पहले से ही ध्वनि प्रदूषण को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। लिहाजा, उन्होंने हाईकर्ट के इस आदेश का स्वाग्त किया था। अब इसे लेकर डीजे संचालक नाराज चल रहे हैं।
लिहाजा राकेश गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस मामले में राकेश गुप्ता ने एसएसपी डॉ संतोष कुमार सिंह से मुलाकात की है। एसएसपी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने धमकी भेजने के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कराने की भी मांग की है। डॉ गुप्ता ने एसएसपी को दिये लिखित शिकायत में कहा है कि डीजे संचालकों की तरफ से उनका नाम देकर धमकियां दी जा रही है। साथ ही अनहोनी की चेतावनी दी जा रही है।

**धमकी में क्या लिखा है...**

डॉ राकेश गुप्ता की एक तस्वीर को जारी करते हुए किसी दीपक सिंह ने



लिखा है कि यही है डाक्टर राकेश गुप्ता, जिसको लगता है कि डीजे धूमाल से लोग मरता हैं। डीजे धूमाल बंद कराने में मुख्य भूमिका वाला यही इंसान है। फिर बोलना मत राकेश गुप्ता, कि डीजे धूमाल वाले मारते हैं। तेरी फोटो वायरल हो गयी है,तू बचकर रहना अब....।

# रायपुर से अहमदाबाद के लिए रोजाना मिलेगी फ्लाइट




**रायपुर, 18 सितम्बर 2024 (ए)।** देश के हवाई यात्रियों के लिए एक खुशखबरी है, दरअसल 1 अक्टूबर से अहमदाबाद के लिए रोजाना सीधी फ्लाइट की सौगात मिलेने वाली है। पहले इस सेक्टर में केवल सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट चलती थी, लेकिन अब इंडिगो ने डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन से अनुमति प्राप्त कर इसे रोजाना संचालित करने का निर्णय लिया है।
कंपनी ने शेड्यूल जारी कर टिकटों की बुकिंग करनी अभी से शुरू कर दी है। बता दें बजट एयरलाइन्स इंडिगो को डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविशन से अहमदाबाद- रायपुर- अहमदाबाद सेक्टर में संचालित फ्लाइट के रोजाना संचालन की अनुमति मिल गई है। इसके साथ ही कंपनी ने प्रस्तावित शेड्यूल के साथ टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी है। इस फ्लाइट से एक अक्टूबर को अहमदाबाद जाने और आने की टिकटें 4500-5000 रुपए में उपलब्ध हो रही है।त्योहारी सीजन के साथ इस फ्लाइट के नियमित संचालन से प्रदेश का गुजरात के साथ व्यापार बढ़ेगा। पिछले करीब तीन वर्षों से इस उड़ान का संचालन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही किया जाता था।यात्रियों की अच्छी डिमांड को देखते हुए अब कंपनी ने इसे नियमित चलाने का फैसला किया है।
इंडिगो स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से कोलकाता, मुम्बई, दिल्ली, लखनऊ, गोवा, हैदराबाद, भोपाल, बंगलुरू, भुवनेश्वर, प्रयागराज, जगदलपुर, इंदौर, कोच्चि, चेन्नई, पुणे और अहमदाबाद के लिए उड़ानों का संचालन कर रही है। सबसे ज्यादा एक दिन में ही चार उड़ानें दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में संचालित की जाती हैं।

# 2 घंटे में मिला नवजात शिशु, दो लोगों ने किया था अपहरण

**दंतेवाड़ा, 18 सितम्बर 2024(ए)।** दंतेवाड़ा पुलिस ने प्रभावी नाकेबंदी और त्वरित कार्रवाई करते हुए दंतेवाड़ा से किडनैप हुए बच्चे को महज 2 घंटे में सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में 2 संदेहियों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है, पूरे ज़िले की पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन में शानदार सहयोग प्रदान किया, जिसकी सराहना करते हुए स्थानीय जनता ने दंतेवाड़ा पुलिस की प्रशंसा की है। बता दें कि आज बचेली के रेलवे कॉलोनी में रहने वाली एक महिला अपने 18 दिन के दूधमुंहे बच्चे को घर में लेटाकर पानी लेनी गई, लेकिन जब वह वापस लौटी तो बच्चा वहां मौजूद नहीं था. इसके बाद घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला



अधिकारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चे को ढूंढने की कार्रवाई शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार अपहरण की इस घटना में शामिल महिला का नाम आकांक्षा बताया जा रहा है. बच्चे के परिवार वालों से पहले ही उसकी जान पहचान थी. महिला बच्चे की देखभाल भी करती थी. पुलिस ये मानकर चल रही है की बच्चे के साथ आकर्षित होते हुए उसने इस घटना को अंजाम दिया होगा. घटना में एक युवक को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है. इस युवक ने महिला और बच्चे को लेकर वहां से भागने में मदद की थी। दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल इलाके में नाकेबंदी कर दी गई थी. इसके अलावा आप पास के जिलों में भी संपर्क किया गया था. इसी कड़ी में जगदलपुर के कोड़ेनार थाना के चेकिंग के दौरान 2 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. इनके पास से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है. घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## राहुल गांधी को आतंकी कहने पर भड़के कांग्रेसी

**भाजपा नेताओं का फूंका पुतला**

**बीजापुर, 18 सितम्बर 2024(ए)।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा और उसके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा अमर्यादित बयान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़के हुए हैं। आज प्रदेशभर में कांग्रेसियों ने विवादित बयान देने वाले केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह और शिंदे गुट के महाराष्ट्र विधायक संजय गायकवाड़ का पुतला दहन किया। बीजापुर में कांग्रेस भवन के सामने पुतला दहन कर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।
कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सार्वजनिक बयान देते हुए लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देश का नंबर वन आतंकी कहा और महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ ने जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए ईनाम दिए जाने संबंधी अमर्यादित बयान दिया है. इसके विरोध में जिला मुख्यालय बीजापुर में कांग्रेस भवन के सामने दोनों भाजपा नेताओं का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया है।
बिलासपुर में भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विपक्षी नेताओं द्वारा की गई अमर्यादित बयानबाजी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बिलासपुर के नेहरू चौक में रवनीत सिंह बिट्टू और शिव सेना विधायक संजय गायकवाड़ का पुतला फूंका. इस दौरान कांग्रेसियों ने दोनों नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



धमतरी में भी जिला कांग्रेस कमेटी ने रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं विधायक संजय गायकवाड़ का पुतला दहन किया. बड़ी संख्या में कांग्रेसी राजीव भवन से नाराबाजी करते हुए गांधी मैदान पहुंचे, जहां दोनों नेताओं का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।
राजनादगांव के जय स्तंभ चौक पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित बयान देने पर भाजपा नेता नवनीत सिंह बिट्टू और संजय गायकवाड़ का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी जी कमजोर हो रहे हैं, जिसके कारण उनके सहयोगी और पार्टी के लोग विवादित बयान दे रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)